




हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

पाक्षिक

# टेक्सटाईल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-03-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 | अंक-20 | भीलवाड़ा/07 अप्रैल, 2024 | कुल पृष्ठ- 22 | मूल्य : 25 रुपए

























## चीन द्वारा 24 लाख टन कॉटन आयात का अनुमान

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा...** जानकारों का कहना है कि 2024-25 के दौरान चीन का कॉटन आयात बढ़कर 24 लाख टन होने का अनुमान है, क्योंकि वहां पर घरेलू मांग बढ़ रही है। वर्ष 2023-24 में आयात 23 लाख टन था। चीन में कॉटन उत्पादन का अनुमान 59 लाख टन है। उल्लेखनीय है कि चीन विश्व में कॉटन का सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक देश है।









# चालू वित्त वर्ष में रेडीमेड गारमेंट निर्यात में सुधार के आसार

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

हालांकि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश से रेडीमेड गारमेंट निर्यात में कमी आई थी लेकिन अब 2024-25 में इसके निर्यात में सुधार की संभावनाएं नजर आ रही हैं क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय बाजार में अधिक मांग आने का अनुमान है। यह कहना है रेटिंग एजेंसी इक्रा का। रेटिंग एजेंसी ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि चालू वित्त वर्ष में मूल्यानुसार रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में 8-9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। इक्रा के वाईस प्रेजीडेंट श्री प्रियेश रुपारेलिया का कहना है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में प्रमुख गारमेंट स्टोरों की अच्छी मांग आने की आशा है क्योंकि उनके पास पूरा स्टॉक समाप्त हो जाने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि विश्व के कुल रेडीमेड गारमेंट निर्यात कारोबार में अमेरिका और यूरोपीय देशों का योगदान लगभग 55 प्रतिशत है। उनका कहना है कि 2024 के समर सीजन के लिए अमेरिका और यूरोपीय देशों से चालू वित्त वर्ष की पहली छःमाही में अधिक ऑर्डर प्रर्याप्त होने का अनुमान है।

हालांकि परिचालन की कठिन परिस्थितियों के कारण देश के अनेक बड़े गारमेंट निर्माताओं ने 2023-24 में बड़े पूंजी निवेश से हाथ रोक लिया था लेकिन अब मांग आने के कारण वे निवेश करेंगे। जानकारों का कहना है कि चाईना प्लस वन अभियान और निर्यातकों की नई रणनीति के कारण निर्यात मांग में सुधार होगा जो पूंजी निवेश के नए अवसर खोलेगा। इक्रा की रिपोर्ट अनुसार काला सागर संकट के बावजूद देश से निर्यात की लागत में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है लेकिन इससे शिपमेंट में लगभग 15 दिनों की देरी अवश्य हुई है। इसका कहना है कि गारमेंट के निर्यात सौदे एफओबी आधार पर होने के कारण भाड़ा वृद्धि का कोई विपरीत असर नहीं होगा। रिपोर्ट का कहना है कि भारत सरकार द्वारा गारमेंट उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए पीएलआई स्कीम, पीएम मित्रा पार्क आदि योजनाओं के साथ ही ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार संधियों की दिशा में काम करने तथा चाईना प्लस वन के कॉन्सेप्ट के कारण दीर्घावधि में गारमेंट उद्योग की संभावनाएं बहुत अच्छी बन रही है। इसका कहना है कि सरकार की पीएलआई भाग एक में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए थे और उनमें से 56 कम्पनियां नई कम्पनी स्थापित करने की सभी शर्तें पूरी करती थी जिनको सरकार ने अनुमति प्रदान कर दी है। इस स्कीम के तहत 12 अन्य आवेदन प्राप्त हुए हैं और उनकी समीक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त सरकार की अन्य योजनाओं को भी क्रियान्वित किया जा रहा है। इक्रा का मानना है कि कुल मिलाकर सरकारी प्रोत्साहन नीतियां देश के गारमेंट निर्यातकों को चीन के गारमेंट बाजार के एक बड़े भाग पर कब्जा करने में सक्षम बना देंगी।

गारमेंट निर्यात में गिरावट- उल्लेखनीय है कि कई माह बाद फरवरी में देश से सभी प्रकार के रेडीमेड गारमेंट का निर्यात 1,476.34 मिलियन डॉलर का हुआ था जो, गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात 1,407.68 मिलियन डॉलर की तुलना में 4.88 प्रतिशत अधिक है। बहरहाल, फरवरी के निर्यात में सुधार के बावजूद कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों यानि अप्रैल से फरवरी के बीच देश से रेडीमेड गारमेंट का कुल निर्यात 13,059.35 मिलियन डॉलर रहा जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात 14,742.71 मिलियन डॉलर की तुलना में 11.42 प्रतिशत कम है। जानकारों का कहना है कि विश्व के अनेक देशों में आर्थिक सुधार के साथ ही रेडीमेड गारमेंट की मांग आनी आरंभ हो गई है। इनका कहना है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए आगामी महीनों में रेडीमेड गारमेंट की मांग में और सुधार होगा।





























# यार्न बाजार का मोड तेजी की ओर
## ग्रे पॉलिएस्टर एवं टेक्सच्राईज में बढ़ी दरें

**भीलवाड़ा/ कमलेश व्यास**

देश का कपड़ा उद्योग 2023 की कठिनाइयों से उबरते हुए नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश कर चुका है। बाजार सूत्रों के अनुसार पिछले पखवाड़े के अंत तक यार्न बाजार में उछाल आने में जो संकेत मिल रहे थे। उसमें ग्रे पॉलिएस्टर एवं टेक्सच्राईज यार्न में 3-4 रूपये की तेजी देखी जा रही है। इसके मद्देनजर एक्सपर्ट बताते हैं कि अब घरेलु एवं निर्यात बाजार में मांग निकलने के संकेत मिल रहे हैं जिसके चलते भीलवाड़ा का वीविंग उद्योग निचले स्तर पर आ पहुंचा जो शीघ्र ही तेजी की ओर रूख करेगा। हालांकि स्थानीय वस्त्र मंडी में ट्रेंड यह रहा कि यहां के उद्यमी इन हालात के लिए स्वयं भी जिम्मेदार है क्योंकि जब कपड़ा बाजार शिखर पर होता है तो एक्सपोंसन में देरी नहीं करते जिसमें ओवर प्रॉडक्शन की समस्या मंडी को विचलित करती है। इसका उदाहरण इस वर्ष में यूनिफॉर्म फैब्रिक के संदर्भ में देख सकते हैं कि यूनिफॉर्म फैब्रिक का बाजार स्थानीय मंडी में कुछ उद्यमियों द्वारा खराब किया गया, जब दिसावर से व्यापारी आता तो मैन्युफेक्चर दरों से कम में भी कई सप्लायर माल देने के लिए तैयार रहते हैं। इधर कॉटन यार्न में 15 से 20 रूपये मिलों में बढ़ चुके हैं हालांकि गारमेंट फैब्रिक में फिलहाल मांग धीमी ही है।इधर भारत सरकार द्वारा आयातित कपड़े पर साढ़े तीन रुपए डॉलर की ड्यूटी लगाने से भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को फायदा मिलेगा। इससे चीन से जो हल्का एवं सस्ता कपड़ा आ रहा है जिसमें उसका पिक तो ज्यादा होता है लेकिन वजन कम होता है, इस फैब्रिक पर ड्यूटी लगाने से अब भारतीय बाजारों में उसकी कमी आई है। खासतौर पर भारतीय वीविंग सेक्टर जिसमें सूरत, मालेगांव, भिवंडी एवं इचलकरंजी को राहत मिली है और इसके चलते भारतीय स्पिनिंग एवं फाइन डेनियर बनाने वाली मिलों को अच्छा काम मिलने लगा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड जो कि 80 के आसपास था जो बढ़कर 92 के स्तर पर आ पहुंचा और सूत्र बता रहे है कि शीघ्र ही और उच्च स्तर पर पहुंचेगा। एमएसएमई के चलते 31 मार्च से पहले जिन व्यापारियों ने माल नहीं खरीदा उन्होंने भी अब पूछ-परख शुरू कर दी है।

**डी.के.एजेन्सी**- के ऑनर श्री डी.के. चौधरी ने टेक्सटाइल वर्ल्ड को स्थानीय कपड़ा बाजार के बारे में बताया कि पिछला समय गुजर चुका है। 2024-25 में व्यापार बेहतर होने के संकेत मिल रहे हैं जिसमें अब अप्रैल, मई और जून स्कूल यूनिफॉर्म की लिवाली के महत्त्वपूर्ण है जिसमें अच्छी शुरूआत हो रही है। नये वित्तीय वर्ष के शुरू होते ही यार्न बाजार ने थोड़ा तेजी का रूख किया और अब निर्यात सेक्टर में भी मांग निकलेगी। फैन्सी उत्पादों में भी अच्छी मांग निकलेगी क्योंकि पिछले सत्र में व्यापारियों ने मालों की बुकिंग कम ही कराई, जिससे स्टॉक में माल होलसेलरों के पास नहीं है। अतः अब डिमाण्ड निकलेगी। श्री चौधरी ने बताया कि अब भीलवाड़ा मण्डी गारमेण्ट फैब्रिक एवं रेडीमेड गारमेण्ट उत्पादन में बेहतर भविष्य की ओर तेज गति पकड़ रही है जिससे इस सेक्टर में मण्डी के लिये बहुत ही पोटिंशियल होने वाला है। एमएसएमई के नियम से बाजार काफी ऊहापोह रहा क्योंकि सरकार की कोई प्रॉपर गाईडलाइन व्यापारियों तक नहीं आई। इसके चलते व्यापारी काफी उलझन में रहे हालांकि 45 दिन की धारा सभी पर लागु होती है तो संतुलन बनेगा।

**शिव एजेंसी** प्रमुख यार्न व्यवसायी श्री सुनील अग्रवाल कहते है कि अप्रैल आते ही ग्रे-यार्न में उछाल आया और अब यूनिफॉर्म फैब्रिक में काम गति पकड़ेगा। फैंसी में भी पूछ-परख शुरू हो गई है। इस समय सोबर(प्लेन इत्यादी) में ठीक-ठाक काम हो रहा है।

**श्री बीजी झँवर**- मंडी के प्रमुख कपड़ा उद्यमी एवं यार्न सप्लायर जो बेनीकोट नेम ब्राण्ड से सूटिंग उत्पादन करते है उन्होंने बताया कि वर्तमान में यार्न में आई तेजी के मद्देनजर ग्रे सेलर अपनी सेल रोक रहे है। अब आगामी समय में बल्क डिमाण्ड निकलेगी जिसके फलस्वरूप वीविंग दरों में उछाल आने की संभावना है।

**ए.के.स्पिनटेक्स** प्रोसेस के टेक्निकल प्रेसिडेन्ट श्री अरूण सिंह ने बताया कि एक्सपोर्ट से डिमाण्डनिकलती है तो भीलवाड़ा के लिये बेहतर होगा, हालांकि इस सेक्टर में पूछ-परख होने लगी है। यूनिफॉर्म में भी इस बार ग्राहकी असंतुलित रूप से हो रही है क्योंकि व्यापारी बार-बार बाजार में आने वाले डाउन फॉल से सधे रूप में मालों की बुकिंग करवा रहा है। साउथ में पहले जो बल्क मालों की डिमाण्ड आती थी वो इस बार उस रूप में नहीं है। फैंसी में फिलहाल हालात यथावत ही है और गारमेंट फैब्रिक भी ईद के बाद चलेगी क्योंकि ईद के त्योहार में स्टिचिंग वर्कर फिलहाल छुट्टियों पर है। वीविंग फिलहाल सण्डे ऑफ चल रहा है क्योंकि बाजार जब तेजी में होता तब कुछ गलत निर्णय हो जाते है। वीविंग विस्तार के साथ कुछ प्रोसेस गृहों ने भी काफी एक्सपोंसन किऐ है। श्री सिंह ने बताया कि एमएसएमई नियम से व्यापार बड़े घरों की ओर शिफ्ट होता दिख रहा है, क्योंकि छोटे घर सर्वाइव नहीं कर पा रहे हैं। यह चिन्ता का विषय है।

# त्योहारी सीजन से बाजार में रौनक

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

होली से ही स्थानीय वस्त्र बाजार में हलचल शुरू हो गई क्योंकि होली बाद त्योहारी सीजन की शुरुआत हुई। जो गणगौर तक चलने वाली है उसके पश्चात त्योहार पर विराम लग जाएगा। होली के पश्चात शीतलासप्तमी , दशामाता और गणगौर जैसे पर्व पर महिलाओं की भागीदारी रहती है और उनमें विशेष उत्साह देखा जाता है। यही वजह है कि स्थानीय वस्त्र बाजार में महिला परिधानों की बिक्री में बढ़त देखी जा रही है। बाजार में पारंपरिक महिला परिधानों की विशेष श्रृंखला उपलब्ध रहने के कारण महिला ग्राहकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बाजार में कम कीमत से लगाकर अधिक कीमत के पारंपरिक वस्त्र उपलब्ध है। इसलिए प्रत्येक प्रकार के ग्राहक संतुष्ट हो रहे हैं, इनके साथ ही अन्य प्रकार के वस्त्र की बिक्री में भी बढ़त देखने को मिल रही है। जानकारों की माने तो आने वाले दिनों में कॉटन वस्त्र की मांग बढ़ने की उम्मीद है।








# अतिरिक्त बिजली सहूलियत में समस्या


**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

महाराष्ट्र शासन ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के पहले पावरलूमधारकों को अतिरिक्त बिजली सहुलियत जाहीर की थी। लेकिन इसके लिए वस्त्रोद्योग विभाग की ओर पंजीकरण अनिवार्य किया था। उसके लिए 16 पन्नोवाली मार्गदर्शक कार्यप्रणाली राज्य शासन की ओर से जारी की है। यह बड़ी समस्या वाली कार्य प्रणाली है। जबकि इसमें दी गयी सूचना के अनुसार पावरलूम उद्योग का पंजीकरण करना असंभव है ऐसा इस क्षेत्र के जानकारो का कहना है। जिसके चलते राज्य शासन ने पावरलूमधारकों की दी गयी अतिरिक्त बिजली सहूलियत मिलना पावरलूमधारकों के लिए समस्या बन सकती है। अब पावरलूमधारकों को बिजली सहुलियत लागू है। लेकिन अतिरिक्त बिजली सहूलियत की मांग कई सालों से प्रलंबित थी। सीधे पावरलूम उद्योग को तत्कालीन फडणवीस शासन के समय घोषित की थी। 27 एचपी के ऊपर पावरलूम उद्योग को अतिरिक्त 75 पैसे बिजली सहुलियत देने की घोषणा ठाकरे सरकार के समय में हुई थी लेकिन उस पर भी अमल नही हुआ। जिससे घोषणा होने के बाद पावरलूमधारकों को अतिरिक्त बिजली सहूलियत का लाभ नहीं मिला था। लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले राज्य शासन ने 75 एचपी के ऊपर वाले पावरलूमधारकों को 75 पैसे और 27 एचपी के नीचे वाले पावरलूमधारकों को एक रुपया अतिरिक्त बिजली सहुलियत देने की घोषणा की थी। उसके मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमति मिलने पर अध्यादेश भी निकाला गया। लेकिन इसको करते समय पावरलूम उद्योग की वस्त्रोद्योग विभाग की ओर पंजीकरण करना सक्ती का किया गया। पहले से पंजीकरण की सक्ती नहीं करने की बात कही गई थी। इसके लिए पहले का अनुभव था। पहले भी इस तरह बिजली सहूलियत के लिए पंजीकरण सक्ती का किया गया था। लेकिन यह प्रक्रिया बड़ी समस्या वाली होने से समय पर पंजीकरण नही हो पाया जिससे बिजली सहूलियत बंद हुई। दो माह पावरलूमधारकों को दुगुने दर से बिजली के बिल आए हुए थे। राज्य शासन के साथ बडा संघर्ष के बाद पंजीकरण की सक्ती को हटाया गया। लेकिन दो माह के बिजली बिल पर लगे ब्याज की समस्या का अब तक हल नहीं हुआ है।















**अप्रैल से स्कूलों का नया सत्र शुरू**

# अच्छी मांग निकलने की उम्मीद से स्कूल ड्रेस कारोबारी उत्साहित

**सीकर/ राजकुमार शर्मा**

अप्रैल में स्कूलों का नया सत्र शुरू होने से शेखावाटी क्षेत्र के सीकर,चुरू, झुंझुनू जिलो में स्कूल ड्रेस की अच्छी मांग निकलने की उम्मीद से कारोबारी उत्साहित है, लेकिन भाव वृद्धि होने से परेशानी बनी हुई है। इस साल स्कूली ड्रेस में लगने वाले कपड़े के दाम बढ़े बताये जा रहे हैं। जिस कारण से कारोबारियों की पूंजी लागत बढ़ गई। शेखावाटी क्षेत्र स्कूली शिक्षा का हब होने से पूरे राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों के भी छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने के लिए आते हैं। स्कूल खुलने के साथ ही अप्रैल में ही स्कूल ड्रेस की मांग निकलने की उम्मीद है जो 15 अगस्त तक बराबर बनी रहेगी। शेखावाटी में सूटिंग का कपड़ा भीलवाड़ा, व्हाइट शर्ट का कपड़ा अहमदाबाद और चैक शर्ट का कपड़ा भिवंडी मुंबई से आता है। सीकर मार्केट में सैंकड़ो कपड़े की दुकाने है जहां से स्कूल ड्रेस का कपड़ा आसानी से मिल जाता है। जबकि रेडीमेड स्कूल ड्रेस की दुकानें दस के करीब है। सबसे ज्यादा दुकाने शहर के मध्य जाट बाजार, तबेला गेट, कोतवाली रोड़ पर है। जबकि सबसे पुरानी दुकान एसके ड्रेसेज कोतवाली रोड़ पर स्थित है। व्यापारी श्री सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोरोना काल में डूबा स्कूल ड्रेस कारोबार पिछले साल से अब पूरे चढ़ाव पर है। अब इस साल का कारोबार पन्द्रह अगस्त पूरे बूम पर रहेगा।

व्यापारी श्री सीताराम चहल ने बताया कि महंगाई बढ़ने से दाम बढ़े हैं, जिससे अभिभावक छूट की मांग कर रहे हैं या मोल भाव करने लग जाते हैं। जिससे रिटेल मार्जिन में कमी आई है। व्यापारी मुकेश ने बताया कि ड्रेस के कपड़े से ज्यादा सिलाई मार गई। शहर में अभी स्कूल ड्रेस की सिलाई करीब छः सौ रूपये से सात सौ रूपये चल रही है। हमारे मार्जिन से सिलाई करने वाले मार्जिन ले रहे हैं। व्यापारियों की माने तो स्कूल ड्रेस का कारोबार तो चला है लेकिन महँगाई अधिक है। भाव बढ़ने से लागत भी बढ़ती जा रही है, जिससे रिटेल मार्जिन कम हो रहा है। कुछ निजी स्कूल वाले अपनी दुकान चलाने के लिए मनमर्जी का कपड़ा स्कूल ड्रेस में लगा देते हैं जो कहीं नही मिलता है, जिससे अभिभावकों को मजबूरी में स्कूल स्टोर से महंगी ड्रेस खरीदनी पड़ रही है। व्यापारियो ने अपने मन की बात करते हुए कहा कि निजी स्कूल वाले खुद अपनी पुस्तकों के साथ स्कूल ड्रेस स्टोर खोल रखे हैं। जो अपनी मनमर्जी के भावो से बेंच रहे हैं। यहां खुले बाजार में प्रतिस्पर्धा के कारण मार्जिन कम होता जा रहा है।

# वर्तमान सीजन से कारोबार में आई रौनक

**आकोला/ राजेश जैन**

एक लम्बे समय बाद कपड़ा कारोबार में थोड़ी बहुत रौनक देखने को मिल रही है। पिछले पांच-सात दिनों से रिटेल में व्यापार कुछ चालू हुआ है। वेंटीलेटर पर पहुँचा कपड़े के व्यापार को कुछ तो ताकत मिलेगी। रिटेल में व्यापार चला तो अपने-आप होलसेल में डिमांड बनती ही है। व्यापार का स्वरूप भी दिनों-दिन बदल रहा है। पहले के सालों में शादी-सीजन में लेन-देन का जबरदस्त व्यापार होता था। मगर कोरोना काल के बाद से एक दम पैटर्न बदल गया है। अब कपड़ा या बर्तन देने के बजाए केस का चलन बहुत ज्यादा हो गया है। इस कारण शादी सीजन में लेन-देन के आइटम्स का व्यापार कम होता जा रहा है। अब व्यापारियों की उम्मीद अप्रैल माह के व्यापार पर टिकी है। आगामी शादी-विवाह के मुहूर्त भी नही है। मार्च में एमएसएमई के कारण जबरदस्त पेमेंट आए हैं। अप्रैल माह में व्यापार बढ़िया रहा तो व्यापार और व्यापारी दोनों की कुछ तो स्थिति ठीक हो जाएगी।









रिपोर्टर - राकेश शाह, कटक

# मोहनलाल जैन: अवसर को भांपकर बन गये सफल थोक वस्त्र व्यापारी



कटक/ नन्दी साही, चौधरी बाजार के सत्यनिष्ठ थोक कपड़ा व्यापारी मोहनलाल जैन आज टीएम योगेश टैक्स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन सह निदेशक हैं। 1970 के दशक में कटक में 'तोलाराम: मोहनलाल' थोक कपड़े के व्यापार से उन्होंने अपना कारोबारी जीवन आरंभ किया। उनका यह मानना है कि उनके जैन गुरु महाश्रवणजी महाराज अपने उपदेशों में यह बताया है कि -प्रत्येक व्यक्ति के द्वार पर 'अवसर' एकबार दस्तक अवश्य देता है। कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो उसकी आहट को सुनते ही नहीं हैं। कुछ सुनकर भी अनसुना कर देते हैं। कुछ ऐसे होते हैं जो आहट की दिशा की ओर प्रस्थान कर देते हैं और उनको अपने जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। जैन ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में आने वाले उस अवसर की आहट को सुना और आज वे कटक में वे जो कुछ भी हैं, उसी अवसर की असाधारण उपलब्धि की देन है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके थोक ज़ कपड़े के कारोबार में एक ऐसा भी खराब समय आया जब उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उस वक्त तमिलनाडु के इरोड के एक उदार व्यापारी ने उनकी मदद की जिसके प्रति वे आजीवन कृतज्ञ हैं और रहेंगे। आज उनके सफल थोक कपड़े के व्यापार से कटक मारवाड़ी समाज में उनकी ज़ अच्छी मान-मर्यादा है। पहचान है। उन्होंने जोर देकर यह कहा कि एक समय ऐसा था जब कटक नन्दी साही, चौधरी बाजार में उन्हीं की एकमात्र थोक कपड़े की दुकान थी जहां पर आज सैकड़ों दुकानें खुल गई हैं। अपने अतीत की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि मात्र 13-14 की उम्र में वे अपनी जन्मस्थली राजस्थान के बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ से कटक आये। स्वर्गीय पिताजी तोलारामजी गांव पर खेती- बाड़ी का काम करते थे।

कटक आकर वह मारवाड़ी हाई स्कूल में पढ़ते हुए नन्दी साही, चौधरी बाजार में अपने थोक कपड़े के कारोबार में भी हाथ बंटाते थे। आज वे जो कुछ भी हैं वह सबकुछ उनके गुरुदेव महाश्रवणजी की उन पर असीम कृपा का प्रतिफल है। अपने सामाजिक और धार्मिक कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वे पिछले लगभग 43 सालों से तेरापंथ समाज की अखिल भारतवर्षीय स्तर की सभी संस्थाओं के जुड़े हुए हैं।

लगातार 10 वर्षों तक वे कटक तेरापंथ युवक परिषद के संस्थापक अध्यक्ष रहे। कटक तेरापंथ समाज के अध्यक्ष रहे। कटक मारवाड़ी समाज और कटक उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी समाज के सलाहकार हैं। कटक मारवाड़ी क्लब के उपाध्यक्ष रहे हैं और फिलहाल उसके संरक्षक सदस्य हैं। 20 जनवरी से लेकर 26 जनवरी, 2018 तक जब महाश्रवणजी अपनी अहिंसा पदयात्रा के ' म में कटक ओडिशा आये तो उनको आयोजन समिति का चेयरमैन बनाया गया और उनके कुशल नेतृत्व में आचार्य महाश्रवणजी ओडिशा में लगभग 100 दिनों तक ओडिशा - राज्य सरकार के अतिथि बनकर रहे जिसमें उनका योगदान सराहनीय रहा। कटक, कपड़ापट्टी टेक्स्टाइल संघ के वे आठ वर्षों तक महासचिव और आठ वर्षों तक अध्यक्ष भी रहे। नि:स्वार्थ समाजसेवा की लंबी यात्रा करने वाले 69 वर्षीय मोहनलाल जैन का मानना है कि एक व्यापारी के जीवन में सबसे पहले उसका व्यापार है। व्यापार के साथ-साथ अपने समाज की भी यथासंभव उसको अपनी सेवाएं देनी चाहिए। सभी के जीवन के सच्चे मार्गदर्शक उसके सच्चे गुरु होते हैं। उनकी सेवा नित्य करनी चाहिए। परोपकार करना चाहिए और दीन-दुखियों की सेवा भी करनी चाहिए। मातृसेवा, पितृसेवा, गुरुसेवा, गोसेवा और दीन दुखियों की सेवा पूरे संतोष के साथ करनी चाहिए।

## अबिरचंद उत्तमचंद



**कटक/** स्थानीय वस्त्र मंडी में होलसेल व्यवसाय कर रही कंपनी अबिरचंद उत्तमचंद होलसेल व्यवसाय में अग्रणी पायदान पर है। कंपनी के डायरेक्टर श्री आनंद कोचर ने बताया कि कंपनी 1962 में श्री अबिरचंद कोचर द्वारा स्थापित की गई थी। श्री कोचर ने बताया कि उनके युवा सुपुत्र श्री विकास कोचर भी कार्य को संभाल रहे हैं। कंपनी में सुटिंग-शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, पोपलीन, ब्लाउज व अस्तर का कार्य विस्तृत पैमाने पर हो रहा है। श्री कोचर ने बताया कि कंपनी यूनिफॉर्म में स्पेशलिस्ट है। यहां पर हर ब्राण्ड की यूनिफॉर्म उचित दाम में होलसेल में उपलब्ध है। साथ ही कंपनी मुंबई, सूरत, अहमदाबाद से कार्य कर रही है व उड़ीसा राज्य में मुख्य विपणन है।

## सिंघी ट्रेडिंग कंपनी



**कटक/** स्थानीय वस्त्र मंडी में विगत 37 वर्षों से साड़ी सेगमेंट में होलसेल व रिटेल का कार्य कर रही कंपनी सिंघी ट्रेडिंग कंपनी एक जाना पहचाना नाम है। कंपनी के डायरेक्टर श्री हनुमान सिंघी ने बताया कि कंपनी साड़ी सेगमेंट में सूरत, जैतपुर, बनारस, बेंगलुरु व उड़ीसा हैंडलूम की साड़ियों का होलसेल पूरे उड़ीसा में विस्तृत पैमाने पर कर रही हैं। श्री सिंघी के युवा सुपुत्र श्री प्रतीक सिंघी ने बताया कि कंपनी अच्छे ब्राण्ड की साड़ियां जिसमें कॉटन, सिल्क, बनारसी व सिंथेटिक साड़ियों का कार्य कर रही है। श्री हनुमान सिंघी टेक्सटाइल मर्चेंट एसोसिएशन के प्रेसीडेंट व सेक्रेटरी भी रह चुके हैं।




## शिवनारायण सीताराम



कटक/ स्थानीय वस्त्र मंडी में विगत 70 वर्षों से होलसेल व्यवसाय कर रही कंपनी शिवनारायण सीताराम क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण नाम है। कंपनी के डायरेक्टर श्री सीताराम अग्रवाल ने बताया कि कंपनी साड़ी सेगमेंट में कॉटन, सिंथेटिक, सिल्क व बनारसी साड़ियां, लूंगी, गमछा व नाईटी का होलसेल व रिटेल व्यापार कर रही है। श्री अग्रवाल ने बताया कि वे जैतपुर, मुंबई, कोलकाता, बनारस, बेंगलुरु, सूरत व मह़ू से माल का आयात कर रहे हैं। व्यापार पूरा उड़ीसा राज्य में होता है।

# MSME INCOME TAX ACT 43B(H) कानून में सबको शामिल किया जाए



"यह कानून हमारी मैन्युफेक्चरिंग और सप्लाई इंडस्ट्री के लिए बहुत अच्छा तो है, परंतु इसमें व्यापारी वर्ग तथा इण्डस्ट्री का नुकसान भी बहुत अधिक है। इस कानून के अंतर्गत कुछ संशोधन करके इसे अवश्य लागू करना चाहिये। सभी छोटी-बड़ी इंडस्ट्री एवं सभी व्यापारिवर्ग का ध्यान रखकर कानून को लागू करना चाहिये, जिससे कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो तथा देश में कपड़ा और रेडीमेड सेक्टर में रोजगार भी बढ़े।"

अमित राजपुरोहित
कंकु एजेन्सीज, इंदौर, मो. 9300855905

- इस कानून का सबसे बुरा पहलू यह है कि इसमें सभी प्रकार के व्यापारी एवं कंपनी के लिए एक समान व्यवस्था नहीं है, जो MSME में रजिस्टर्ड फर्म के लिए नुकसानदायक है।
- यदि एक फर्म MSME में रजिस्टर्ड है और दूसरी फर्म MSME में रजिस्टर्ड नहीं है, तो कस्टमर उसकी सुविधा के लिए NON Registered फर्म की तरफ ही जायेगा। इससे Registered फर्म का व्यापार प्रभावित होगा।
- भारत सरकार को चाहिये कि सभी तरह की फर्म/ कंपनी का MSME में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाए जिससे कि पूरे देश में एक समान एक देश-एक व्यवस्था हो।
- कपड़ा और रेडीमेड सेक्टर हमारे देश में रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा केन्द्र है। कपड़ा और रेडीमेड उद्योग मजबूत होगा तो हमारे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी देश में रोजगार भी बढ़ेगा।
- MSME में पेमेंट का भुगतान का नियम 45 दिन की जगह 90 दिन किया जाए जिससे की छोटी-बड़ी इकाई किसी का भी व्यापार प्रभावित ना हो, अन्यथा पेमेंट भुगतान 45 दिन का नियम हमारी कई फर्म / कंपनी को बंद करवा सकता है जिससे फिर रोजगार का संकट भी आ सकता है। 2 वर्ष के बाद यह पेमेंट भुगतान 45 दिन करने पर विचार किया जा सकता है परंतु अभी यह नियम सर्वहित में नहीं है।
- पेमेंट भुगतान का नियम कानून बनाना जरूरी भी है क्योकि वर्तमान में कोई नियम ना होने से हमारी कपड़ा और रेडीमेड इण्डस्ट्री बुरी तरह प्रभावित है। पेमेंट समय पर नहीं आने से मैन्युफेक्चरिंग ईकाइयां अपना प्रॉडक्शन व्यवस्था सुचारु नहीं कर पा रहे तथा कोस्ट भी बहुत अधिक लग रही है जिससे ऑनलाइन मार्केट व मॉल कल्चर के कारण छोटे व मध्यम व्यापारि वर्ग की कोस्ट ज्यादा आ रही है। जिससे उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पेमेण्ट समय पर आने से सबकी कोस्ट कम आयेगी तो हमारे व्यापार के लिये अच्छा होगा।
- मेन्युफैक्चरर Micro, Small, Medium तथा Traders, Retailer, Distributor Agency सभी के लिये यह कानून अनिवार्य किया जाए तभी इसका सुखद परिणाम आयेगा।
- यह नियम केवल 31 मार्च के लिए न होकर सभी खरीदी / बिक्री पर लागू हो। पूरे वर्ष यह नियम अनिवार्य हो। पेमेण्ट की साईड तुरंत 45 दिन ना करके अभी इसे 90 दिन का पेमेंट साइकल लागू किया जाना चाहिये।

# एमएसएमई के डर से व्यापारियों द्वारा बंपर भुगतान प्रक्रिया तेज

बालोतरा / एल.सी. पुनीत

औद्योगिक क्षेत्र में सप्ताह भर बाद विरानी समाप्त होकर उत्पादन प्रक्रियाओं की हलचल प्रारम्भ हो सकेंगी। इसके बाद इन्द्रधनुषी रंगों की बहार सर्वत्र परिलक्षित होने लगेगी। फिलहाल धुपाई, रंगाई और फिनिशिंग का कार्य श्रमिकों के अपने गृह ग्रामों से न आने के कारण लटका हुआ ही है। कुछ प्रतिष्ठानों में फोल्डिंग का कार्य आंशिक तौर पर होने के समाचार है। जिन यूनिटों के पास तैयार माल है वे अवश्य पैकिंग के प्रयास करते नजर आ रहे हैं। इसमें वे ही सफल हो रहे हैं जिनके यहां पैकिंग हेतु स्थाई स्टाफ है। वैसे माल रंगीन हो या ग्रे क्लोथ इनके भाव स्थिर अवस्था में है। इसके बावजूद भी उत्पादकों के साथ अन्य की धारणा है कि बाजार में अच्छी तेजी आए बिना नहीं रहेगी। मांग का अभाव नही है फिर भी माल चालानी की व्यवस्था शिथिल बनी हुई है।

उद्यमियों की व्यस्तता वित्त वर्ष समाप्ति के संदर्भ में भी विशेष रही। स्टॉक लेने व बही खातों में समायोजन के लिए भी कार्य प्रक्रिया रही। इस वर्ष एमएसएमई के कारण प्रारम्भिक तौर पर समझने में दिक्कत के फलस्वरूप बड़ी परेशानियों से रूबरू होना पड़ा। कार्य ठीक चला पर अगर यह झमेला न होता तो ग्रोथ अच्छी हो पाती। वैसे अंततोगत्वा परिणाम आए वे बड़े ही सुखद रहे। व्यापारियों व अन्यों ने टेक्स की मार के डर से बंपर भुगतान भेजा। इस वातावरण से जो माहौल उभरा उससे नए पेमेंट के साथ पुराने भुगतान भी बहु संख्या में आए। कुछ भी हो आयकर की इस धारा से व्यावसायिक स्वस्थ परंपरा के सूत्रपात को अवसर मिला है।

आयकर की इस धारा के उपरान्त भी उत्पादकों ने अपने ढंग से रास्ता निकाला। कइयों ने सेल डबल की परवाह न कर ट्रेडिंग फर्मे बनाई ताकि उनके व्यापारी उनके ही बने रहे और उनके वर्षों के संबंध बरकरार रहे। पेनल्टी के असर रूप में समय पर भुगतान न करने वालों ने माल रिटर्न करने में भी कोई संकोच नही किया। उत्पादों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पोपलीन, रोटो, पेटीकोट, अस्तर, साड़ी फॉल, नाईटी और नाईटी क्लॉथ के साथ क्षेत्र के अन्य उत्पादों की मांग वर्चस्व की बदौलत बढ़ ही रही है। टेक्नीकल टेक्सटाइल की ओर लगे लोगों के पास अपने उत्पादों की चालानी डिमांड के अनुरूप बहुत कम हो पा रही है। स्थानीय मेलों व सामाजिक कार्यक्रमों के कारण जब तक श्रमिकों का आना प्राारम्भ नहीं हो जाता, तब तक औद्योगिक क्षेत्र में पूर्ववत् हलचल का अभाव ही रहेगा।




For Agent/ Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@Burgoyneindia | /@Burgoyneindiaofficial | www.burgoyne.co
**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND

# गारमेण्ट की नई वैरायटी में मूवमेंट शुरू होने से अप्रैल में कारोबार सुधरेगा

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

पिछले कुछ समय से गारमेण्ट में बिक्री बुरे दौर से गुजरी है। गारमेण्ट के किसी भी सेगमेंट में कारोबार अपेक्षित नहीं हो रहा था। मार्च एंडिंग के बाद अब थोड़ी हलचल दिखाई दी है, फिर भी वैसा करेंट नहीं है, जो इस सीजन में रहा करता था। कमजोर बिक्री के चलते रिटेलर्स की मांग नई वैरायटी में कम हो गई है। कोई अधिक स्टॉक नहीं करना चाहता है। इसके कारण है कि रिटेल स्तर पर कारोबार कम हो रहा है और रिटेलर्स पुराने स्टॉक से दबे हुए हैं। लेकिन समर सीजन और वैवाहिक सीजन को देखते हुए फैंसी वैरायटी में कारोबार होने लगा है। गर्मी बढ़ने के कारण सूती उत्पादों के साथ स्कूल यूनिफॉर्म में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। गारमेण्ट की मांग में गिरावट के बाद स्थानीय बाजार मंदा है। गारमेण्ट की खुदरा बिक्री सबसे अधिक घटी है। गर्मी शुरू हो गई, परंतु मांग अभी नहीं बढ़ी है। स्थानीय मांग जिस अनुपात में होनी चाहिए हाल वैसी नहीं है, तो दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में तैयार वस्त्रों का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि के 14.73 अरब डॉलर से घटकर 13.05 अरब डॉलर हो गया है। इसलिए उत्पादन को लेकर मैन्युफेक्चरर्स चौकन्ने है। तथापि उद्योगों को उम्मीद है कि आगामी महीनों में निर्यात में सुधार होगा, विशेषकर अमेरिकन बाजार निर्यात अनुकूल हो रहा है। यद्यपि भारत से तैयार वस्त्रों का सर्वाधिक निर्यात यूरोपियन देशों को किया जाता है।

ऑफ सीजन की सेल बंद होने और खरमास होने के कारण फैंसी एवं कॉटन गारमेण्ट की बिक्री पर इसका असर दिखाई दे रहा है। तथापि कुछ ब्रांड सेल्स प्रमोशनल स्कीम के माध्यम से ग्राहकों को लुभाने में लगे हैं। मार्च एंडिंग कमजोर मांग, धन संकट और बढ़ती गर्मी के बीच देशभर में लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल बज चुका है। इसका भी असर कपड़ों तथा गारमेण्ट के कारोबार पर पड़ने की संभावना है। खरमास होने से वैवाहिक सीजन की ग्राहकी शांत है। फैंसी बेस वैरायटी में कुछ कारोबार हो रहा है। उम्मीद है कि अप्रैल से कारोबार सुधरेगा। देसावरी व्यापारियों की नई वैरायटी में थोड़ी बहुत पूछताछ और खरीदी शुरू हो गई है। प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों और लाल समुद्री मार्ग संकट के कारण तैयार वस्त्रों सहित पूरे टेक्सटाइल उद्योग के उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा है। वैसे विश्वभर में टेक्सटाइल एवं तैयार वस्त्रों के क्षेत्र में भारत छठवां सबसे बड़ा निर्यातक है और इस उद्योग की देश की जीडीपी में 2.3 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पादन में 13 प्रतिशत और निर्यात में 12 प्रतिशत हिस्सा है। परंतु पश्चिमी बाजारों की प्रतिकूल आर्थिक स्थिति के कारण देश से कपड़ा और तैयार वस्त्रों के निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। भारत का टेक्सटाइल एवं तैयार वस्त्रों का बाजार कद 2022 के 172.3 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2028 तक 387.3 अरब डॉलर करने की है।

## स्थानीय एवं निर्यात मांग कम होने से यार्न बनाती मिलों पर दबाव

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कॉटन यार्न की स्थानीय मांग में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं होने के बावजूद कॉटन यार्न के भाव टाइट है। इसके भाव लगातार मजबूत हो रहे हैं, क्योंकि रूई के भाव में अचानक भारी उछाल आया है। मिलों की ओर से हाल उत्पादन में किसी कटौती की कोई खबर नहीं है, लेकिन मिलें ऊँचे भाव की रूई खरीदने से हिचक रही है। एक तो यार्न की स्थानीय मांग सीमित है, दूसरे निर्यात मोर्चे पर कोई बड़ी संभावना नजर नहीं आ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष की आलोच्य अवधि में यार्न का निर्यात 4.47 अरब डॉलर से घटकर 4.23 अरब डॉलर हो गई है। इसलिए कॉटन यार्न बनाती स्पिनिंग मिलों पर दबाव बना हुआ है और यार्न का उत्पादन सीमित हो गया है।


यार्न बाजार में कॉटन यार्न की मांग सीमित है तथापि यार्न के भाव धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। मिश्रित सिंथेटिक कपड़ों की मांग में वृद्धि अनुमान से सिंथेटिक यार्न विशेषकर स्पेशियल्टी यार्न और विस्कोस यार्न की मांग संतुलित लेकिन स्थिर गति से बढ़ रही है। वहीं कॉटन यार्न के कच्चे माल के भाव में एकाएक बड़ा उछाल आने के बाद से अधिकांश स्पिनरों से कच्चे माल की खरीदी करने में 'रूको एवं प्रतीक्षा करो' की नीति पर चलना शुरू कर दिया है। यद्यपि अभी लूमों पर ग्रे कपड़ों का उत्पादन बहुत अधिक नहीं है, इसलिए यार्न की मांग भी कम हो गई है, लेकिन जैसे ही कपड़ों का उत्पादन पूर्ववत् होने लगेगा, तब कॉटन एवं सिंथेटिक यार्न की मांग जोर पकड़ सकती है।

पावरलूम इकाइयों में मजदूरों का संकट है। रमजान महीना चालू होने से मुस्लिम कारीगरों की कमी के कारण लूमों पर उत्पादन आधे से अधिक घट गया है। कपड़ों का उत्पादन घटने से यार्न की मांग कम हो गई है। हाल कॉटन यार्न की आपूर्ति में अभी तक सहज एवं सुगम बनी हुई है। यद्यपि स्पिनिंग मिलें विशेषकर साउथ की ओर जैसे ही रूई के भाव में भारी उछाल आने शुरू हुए वैसे ही रूई की लेवाली मिलों ने कम कर दी है। अनुमान है कि यार्न बनाने वाली मिलों के पास कच्चे माल का भरपूर स्टॉक होने से मिलें रूई का बहुत अधिक स्टॉक नहीं करना चाहती है। मिलें अपनी क्षमता के साथ कॉटन यार्न बना रही है। लेकिन छोटी इकाइयों को रूई के बढ़े भाव विचलित कर रहे हैं। बाजार सूत्रों के अनुसार रूई के भाव अचानक इतने अधिक बढ़ेंगे, इसका अनुमान स्पिनिंग मिलों को नहीं था। स्पिनिंग मिलें यार्न का उत्पादन एक निर्धारित सीमा में जारी रखकर आगे की स्थिति का सही अनुमान लगाने के बाद यार्न का उत्पादन बढ़ाने की फिराक में थी, लेकिन यदि कच्चे माल का भाव बढ़ता है, तो स्वाभाविक है कि यार्न की लागत बढ़ेगी और मौजूदा बाजार स्थितियां ऐसी नहीं है कि मिलों को यार्न की बढ़ी कीमत आसानी से मिल सके। इसलिए स्पिनिंग मिलें कॉटन यार्न का उत्पादन सीमित रखना चाहती है, ताकि उत्पादन जारी रहे और मिलों पर अतिरिक्त बोझ भी नही बढ़े। कॉटन यार्न के उत्पादन में आधिपत्य रखती साउथ की मिलों में ऐसा ही ट्रेंड है।

## एमएसएमई से असंमजस में व्यापारी वर्ग

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

बरेली स्थित मार्केट में एमएसएमई को लेकर ज्यादातर मध्यमवर्गीय व्यापारी चिंतित है। 31 मार्च से पूर्व व्यापारियों का चेहरा उड़ा हुआ था। व्यापारी गूगल में सर्च कर जानकारी ले रहे हैं परंतु सभी व्यापारी असंमजस की स्थिति में है। होली के शुभ अवसर पर बरेली क्लन में सभी व्यापारी एकत्रित हुए और रंगों की होली का आनन्द लिया। होली के पश्चात् ईद की बिक्री शुरू हो गई है। इस समय व्यापारियों के पास अच्छा काम है। व्यापारी एमएसएमई के कारण घबराए हुए हैं तथा व्यापार खुलकर नहीं कर पा रहे हैं। बरेली में लेडीज सूट्स, ब्लाउज के अस्तर, अंगोछा इत्यादि की अच्छी बिक्री चल रही है। ईद पर्व पर हर वर्ष बिक्री अच्छी होती है। इस समय कॉटन वैरायटी के विक्रेता R.N.P. Textiles से बहुत ही संतोषजनक उत्तर मिला है।




# पाइपलाइन खाली होने से अप्रैल से फैंसी तथा सीजनल कपड़ों में कारोबार की उम्मीद बढ़ी

मुंबई/ कपड़ा बाजार में कारोबार कुछ महीनों से पटरी से उतर गया है। कारोबार के पटरी से उतरने के अनेक कारण रहे हैं। इसमें रिटेल ग्राहकी का अनियमित होना, सीजन ग्राहकी ठीक से नहीं चलने, बढ़ती मंहगाई के कारण ग्राहकों की कपड़ा खरीदी में उदासीनता, एमएसएमई को निर्धारित समय पर भुगतान करने की बाध्यता, शादियों के सीजन में एक समान ग्राहकी का अभाव और मार्च एंडिंग तथा धन संकट के साथ वैश्विक स्तर पर कपड़ों के निर्यात में वृद्धि की गुंजाइश कम होना प्रमुख रहे हैं। इस कारण अब ऑर्डर कैंसिल हो रहा है और बिके माल की वापसी हो रही है। फिर भी अप्रैल से कपड़ा बाजार में ग्राहकी चलने की उम्मीद है। देसावरों की ग्राहकी अप्रैल में अच्छी रह सकती है, क्योंकि मार्च एंडिंग के बाद भुगतान की जो आपाधापी थी, वह दूर होने के बाद पाइपलाइन खाली है और सामने वैवाहिक सीजन के साथ रमजान की ग्राहकी, गर्मी सीजन के सूती पतले कपड़ों की मांग है। स्कूल यूनिफॉर्म में कारोबार अच्छा होने की उम्मीद से कपड़ा कारोबारियों को अब अच्छे कारोबार होने के संयोग दिखाई दे रहे हैं। इसका संकेत भी मार्च के अंतिम सप्ताह से दिखाई दिया है। सफेद सूती कपड़ों की मांग निकलनी शुरू हो गई है। सूती कपड़ों की अच्छी मांग है। इनमें महँगें कॉटन कपड़ों की मांग शामिल है। पैंट, शर्टिंग, सूती ड्रेस मटीरियल की ग्राहकी है। भिवंडी में कॉटन ग्रे कपड़ों का उत्पादन घट गया है। इन दिनों अधिक से अधिक लूमों पर ग्रे कपड़ों का उत्पादन न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है। तथापि ग्रे कपड़ों के भाव का कोई बैरोमीटर नहीं है। कॉटन यार्न टाइट हो रहा है, रूई के भाव बढ़ रहे हैं, लेकिन तीव्र गर्मी, रमजान का महीना होने से कारीगरों की कमी, वैवाहिक सीजन के कारण दूसरे प्रांतों के कारीगरों के अपने गांव चले जाने जैसे कई कारणों से उत्पादन मार खा गया है। जिन लूमों पर फिलहाल उत्पादन हो रहा है,वहां भयंकर गर्मी के कारण कॉटन यार्न के टूटने की बढ़ी समस्या से भी कपड़ों का उत्पादन घट रहा है। इन सबके बावजूद सूती ग्रे कपड़ों में अपेक्षित ग्राहकी नहीं है। मार्च वर्षांत के कारण तीव्र आर्थिक संकट का सामना कर रहे कपड़ा कारोबारियों को अब बाजार में ग्राहकी की सुगबुगाहट शुरू होने से थोड़ी राहत मिली है। यद्यपि थोक में रमजान की ग्राहकी विफल रही है, लेकिन खुदरा में कारोबार होने लगा है। देसावरी मंडियों की मांग निकली है, जिनमें सभी किस्म के कपड़ों की मांग है। इसलिए माना जा रहा है कि अप्रैल से कपड़ा बाजार में छाई मंदी समाप्त हो जाएगी और कपड़ा बाजार में कारोबार अच्छी तरह से होगा। आशंका है कि कपड़ों के ऑर्डर अब मांग एवं आवश्यकतानुसार होने की संभावना अधिक है, ताकि समय पर भुगतान हो सके, इसलिए अभी तक बल्क में दिए जाते ऑर्डर घटेंगे। महाराष्ट्र की सरकार ने राज्य में 18 मिनी टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के लिए सब्सिडी की मंजूरी दी है। निजी निवेश के मार्फत विकसित किए जाने वाले इन 18 मिनी टेक्सटाइल पार्क में से 6 पार्क निर्यात लक्षी होंगे। हर प्रोजेक्ट 10 एकड़ में होगा तथा यह प्रत्येक राजस्व विभाग में विकसित किया जाएगा। सोलर एनर्जी और बिजली सब्सिडी के प्रावधानों में सुधार किया जाएगा। देश की जीडीपी में दो प्रतिशत से अधिक हिस्सा टेक्सटाइल उद्योग का है। टेक्सटाइल एवं एपेरल आइटमों के निर्यात में विश्व के बड़े निर्यातकों में भारत की गणना की जाती है। बावजूद इसके भारत से निर्यात को बढ़ाने के लिए अथक प्रयास करने पड़ते हैं। विकसित देश 70 प्रतिशत परिधानों तथा कपड़ों की खरीदी मिश्रित सिंथेटिक करते हैं। भारत के निर्यात में इनकी भागीदारी कम है। भारत से कमजोर निर्यात का प्रमुख कारण यही है, ऐसा एक सर्वे रिपोर्ट में कहीं गई है। सिंथेटिक कपड़ा फैशन उद्योग का पसंदीदा है। जब तक भारत के परिधान और कपड़ों में मिश्रित सिंथेटिक कपड़ों की उपयोगिता नहीं बढ़ती है, तब तक देश से निर्यात में बढ़ने की संभावना कम है। देश की आबोहवा कॉटन कपड़ों के लिए अधिक अनुकूल है, लेकिन विदेशी बाजारों में स्थिति बिल्कुल उलट है। सूरत इस दिशा में बड़ी पहल की है। देश में कॉटन आधारित कपड़ों की मांग कमोबेस हर सीजन में रहती है। सस्ते आयात की समस्या से जूझ रहा सिंथेटिक फैब्रिक उद्योग - सस्ते आयात से स्थानीय उद्योग को संरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार ने 16 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर सिंथेटिक फैब्रिक पर न्यूनतम आयात मूल्य अमली बनाया है। इसके तहत पांच विशिष्ट सिंथेटिक फैब्रिक पर प्रतिकिलो 3.5 डॉलर की एमआईपी लगा दिया गया है। यह एमआईपी अनब्लीच्ड अथवा ब्लीच्ड सिंथेटिक फैब्रिक डाईड, अन्य कलर्स यार्न, प्रिंटेड अथवा गैर प्रिंटेड पर लागू किया गया है। यदि इन उत्पादों की प्रतिकिलो कीमत 3.5 किलो से कम होगी तो इनका आयात नहीं किया जा सकता है। इस निर्णय से स्थानीय उद्योग का उल्लेखनीय विकास होगा।

**व्हाइट कॉटन कपड़ों की अच्छी मांग**

सस्ती चीनी चीजों के प्रवाह को रोकने और गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को बढ़ाने से वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत करने के इरादे से केंद्र सरकार टेक्निकल एवं प्रोटेक्टिव जैसे विविध टेक्सटाइल उत्पादों के लिए नया क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स लाने की तैयारी में है। केंद्र का उद्देश्य उद्योग एवं निर्यात प्रमोशन कौंसिल के साथ परामर्श कर उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और वैश्विक खिलाड़ियों को भारत में उत्पादन इकाई लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। वैश्विक व्यापार में 4.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत विश्व का तीसरा बड़ा कपड़ा और वस्त्र निर्यातक है और इससे निर्यात को बल मिलेगा।

# पाक से मार्च में भी बढ़ा टेक्सटाइल निर्यात लेकिन कुल मिलाकर अभी भी पीछे

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

पाकिस्तान से लगातार चैथे माह मार्च में भी टेक्सटाइल के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है लेकिन कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष में गत वर्ष की तुलना में पीछे बना हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार आल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन (एपीटीएमए) द्वार जारी आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान में मार्च के दौरान टेक्सटाइल का निर्यात गत वर्ष के इसी माह की तुलना में 3 प्रतिशत बढ़कर 1.3 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। गत वर्ष मार्च में निर्यात 1.26 बिलियन डॉलर का था। हालांकि यह चैथा महीना है जब टेक्सटाइल के निर्यात में वृद्धि हुई है लेकिन कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष में वहां से टेक्सटाइल का निर्यात गत वर्ष की तुलना में पीछे चल रहा है। एसोसिएशन का कहना है कि चालू वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में मार्च तक (पाकिस्तान में वित्त वर्ष जुलाई से जून तक होता है।) निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात की तुलना में मामूली पीछे है। चालू वर्ष के पहले 9 महीनों में कुल निर्यात 12.44 बिलियन डॉलर का रहा जो गत वर्ष की तुलना मं केवल 0.3 प्रतिशत कम है। उल्लेखनीय है कि टेक्सटाइल निर्यात की पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और निर्यात में महत्त्वपूण भूमिका है और विदेशी मुद्रा अर्जित करने का प्रमुख साधन है। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान का टेक्सटाइल उद्योग विभिन्न परेशानियों का सामना कर रहा है और इनमें एक समस्या गत एक वर्ष के दौरान गैस के भाव में 223 प्रतिशत की भारी वृद्धि होना भी है। हाल ही में एसोसिएशन ने इस वृद्धि का कड़ा विरोध करते हुए कहा था कि इससे पाकिस्तान के निर्यातोन्मुख टेक्सटाइल उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा।

इसका कहना है कि गैस की मूल्य वृद्धि के बाद उत्पादन लागत बढ़ने के कारण टेक्सटाइल उद्योग विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा में ठहर नहीं पाएगा। एसोसिएशन ने सरकार से अनुरोध किया है वह गैस के भाव में की गई मूल्य वृद्धि पर दोबारा विचार करते ताकि विश्व बाजार में पाकिस्तान उत्पाद प्रतिर्स्धक बने रहें। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के कुल निर्यात में टेक्सटाइल निर्यात का कुल 60 प्रतिशत योगदान है तथा इसके निर्यात में कमी कुल निर्यात को प्रभावित करेगी।

Siyaram's DEN-KNIT PREMIUM INDIGO KNIT

# Revolutionizes Denim Industry with Circular Knitted Denim Fabric at Denim & Jeans Show Tokyo








**Japan/ Mumbai**

**IN** a groundbreaking showcase at the Denim & Jeans Show Tokyo, Siyaram DEN-KNIT unveiled its latest innovation in the denim world, the Circular Knitted Denim Fabric. Held at the Tokyo Metropolitan Industrial Trade Centre on March 26th and 27th, this event marked a pivotal moment in denim history as Siyaram DEN-KNIT introduced a fabric that promises unparalleled comfort and versatility, setting a new standard for the industry.






Represented by Mr. Anurag Poddar, President, and Mr. Anuj Pandey, GM Marketing, Siyaram DEN-KNIT's Circular Knitted Denim Fabric boasts remarkable features, including its superior comfort when compared to traditional woven denim. With its power stretch property and 4-way stretch movement, this fabric offers an unmatched level of flexibility and ease of movement, making it ideal for various applications within the denim industry.

Furthermore, Siyaram DEN-KNIT has taken significant steps towards sustainability with this fabric. By incorporating materials such as BCI Cotton, Recycled Poly & Cotton, Organic Cotton, and laser-friendly fabric, the company demonstrates its commitment to environmentally friendly practices, ensuring a greener future for denim manufacturing.

This innovative Knitted Denim category has already garnered praise from Indian brands, and its reception among Japanese customers has been overwhelmingly positive. Japanese consumers appreciate the comfort and next-generation denim concept that Siyaram DEN-KNIT's Circular Knitted Denim Fabric brings to the market, further solidifying its status as a game-changer in the industry.

With Mr. Anurag Poddar and Mr. Anuj Pandey leading the charge, Siyaram DEN-KNIT continues to lead the way in denim innovation, reshaping the landscape of the industry and setting new benchmarks for comfort, sustainability, and versatility. As the demand for high-quality, eco-friendly denim continues to rise, Siyaram DEN-KNIT stands at the forefront, driving positive change and revolutionizing the world of denim as we know it.



www.sparshfab.com

Sparsh-Fab®
UNIFORM FABRIC

पेश है 3X COOL™

एक ऐसी टेक्नोलॉजी जो रखे पहनने वालों को कम्फर्टेबल दिनभर और

## आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।

**एक ऐसा फैब्रिक जो सोखे पसीना 10 सेकण्ड्स में, दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ**



**डायनामिक ड्राइंग**
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त

**एंटी स्टेटिक**
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह

**सॉइल रिलीज़**
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान

स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचनबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान 33 अंश होता है ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एंड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते हैं, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है **3X COOL**. यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है, इस कपड़े में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती है, वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है। स्पर्श का यह कपड़ा **चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है** विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे साथी व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।

नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो,
नववर्ष की शुभकामनाएँ।

**चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक**

डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध

**आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्कः**
98202 07953/ 74200 24089

यह फीचर कैसे काम करता है
यह जानने के लिए स्कैन करें




VISIT US AT HALL NO. 1, STALL NO.: 105 ON 15TH, 16TH & 17TH APRIL, 2024
AT CMAI NESCO, GOREGAON (E), MUMBAI.

"Denim" like knitted fabric is a new trend combining the appearance of woven denim with the knitted structures' characteristics such as flexibility, softness, wrinkle resistance, user-friendliness, and comfortable.

For trade / corporate enquiries Contact: +91-9601111000. | Email: denknit@siyaram.com | www.siyaram.com

A-7, Trade World, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel (W), Mumbai - 400 013.

## सम्पादकीय....

# भारत में रोजगार के अवसर

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन (आईएलओ) तथा मानव विकास संस्थान ने मिलकर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सन 2000 के बाद से भारत में रोजगार के उपलब्ध आंकड़ों का व्यापक विश्लेषण किया गया है। वर्ष 2012 तक यह सर्वे रोजगार और बेरोजगारी के सर्वेक्षणों पर निर्भर था और 2019 से 2022 तक के आंकड़ों के लिए रिपोर्ट ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण को प्राथमिक स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया। चूंकि आंकड़ों के ये स्रोत पहले ही चर्चा का विषय बन चुके हैं इसलिए रिपोर्ट की विषयवस्तु है। संगठित क्षेत्र में वास्तविक पारिश्रमिक में ठहराव, कृषि रोजगार की ओर वापसी और महिला श्रम भागीदारी दर जो पहले गिर रही थी लेकिन हाल के दिनों में उसमें इजाफा हुआ जिसकी वजह प्रमुख रूप से स्वरोजगार और बिना मेहनताने का घरेलु कामकाज है। जबकि इस बीच बड़ी तादाद में शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। आईएलओ ने दो अलग-अलग सर्वेक्षण को एक साथ लाकर अच्छा काम किया है परंतु आंकड़ों की सामान्य उपलब्धता को देखते हुए रिपोर्ट में सबसे अधिक रुचि उसके निष्कर्षों और अनुशंसाओं के कारण है।

रिपोर्ट पांच प्राथमिकताओं को चिह्नित करती है। पहली उत्पादन और वृद्धि को और अधिक रोजगार आधारित बनाया जाना चाहिए। दूसरी, रोजगार की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए और इसके लिए प्रवासन और नए दौर के क्षेत्रों मसलन केयर इकॉनामी (अनौपचारिक और अवैतनिक देखभाल की अर्थव्यवस्था मसलन महिलाओं द्वारा घर में किए जाने वाले काम) में निवेश करना होगा तथा श्रम अधिकार सुनिश्चित करने होंगे। तीसरी, श्रम बाजार की असमानताएं जो महिलाओं, युवाओं और हाशिये पर मौजूद समुहों के लोगों को प्रभावित करती हैं, उनके लिए नीतियां तैयार करना। चौथी प्राथमिकता है कौशल प्रशिक्षण और सक्रिय श्रम बाजार नीतियों को बढ़ावा देना। पांचवीं प्राथमिकता है रोजगार को लेकर बेहतर और अधिक आंकड़े।

निस्संदेह इनमें से कई अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। शायद ही कोई होगा जो समंय पर और बेहतर आंकड़ों की जरूरत से इनकार करेगा। कुछ आंकड़ों पर जब करीबी नजर डाली जाती है तो सवाल पैदा होते हैं। मसलन असमानता को सीधे तौर पर कैसे हल किया जा सकता है यह स्पष्ट है कि महिलाओं के घर या कृषि से बाहर रोजगार बढ़ा पाने में कमी कई बार सांस्कृतिक कारणों से भी पैदा होती है और कई अन्य मामलों में ऐसा अनुकूल माहौल तथा कानून व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं की वजह से भी है। इसके लिए बहुत बड़े पैमाने पर सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है।

बहरहाल, सबसे अधिक सटीक अनुशंसा यह है कि उत्पादन को और अधिक रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र आधारित वृद्धि के रोजगार संबंधी लाभ रोजगार की मौजूदा चुनौतियों को पूरा कर पाने में सक्षम नहीं हैं। ऐसा इसलिए कि उद्योग और विनिर्माण में अपेक्षाकृत कम कुशल श्रमिक शामिल होते हैं जो खेती जैसे काम से बाहर निकलते हैं।

इस दलील को रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुरामराजन तथा अन्य लोगों के हालिया तर्कों से जोड़कर देखा जा सकता है जिनका कहना है कि भारत के भविष्य की वृद्धि सेवा क्षेत्र पर निर्भर होगी। यह दलील देने वालों का कहना है। कि तकनीकि नवाचार और स्वचालन ने विनिर्माण को प्रभावित किया है। अब यह अधिक पूंजी खपत वाला क्षेत्र है जबकि पहले यह श्रम आधारित था।

मेहनताने को लेकर मध्यस्थता अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी नहीं रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में भी ऐसी ही प्रक्रियाएं काम कर रही हैं। कई लोगों ने यह भी कहा कि सेवा क्षेत्र कम कुशल लोगों के साथ प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ पाएगा। यानी देश के नीति निर्माताओं के पास कुछ ही अच्छे विकल्प हैं। तेज तकनीकिक विकास और उभरती विश्व व्यवस्था को देखते हुए वृद्धि और रोजगार निर्माण के मानक तौर तरीके शायद भविष्य में काम न आएं। ऐसे में भविष्य की बात करें तो भारत को हर अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए अधिकतम रोजगार सृजन करने की तैयारी रखनी होगी।

## कुछ नया, कुछ अलग

# व्यक्तिगत जीवन और व्यावसायिक जीवन को परफेक्ट और संतुलित कैसे करे?

**मेरे प्यारे मित्रों,**

हर आर्टिकल में मैं अपने अनुभव और थोड़े बहुत कुछ मेरे ख्याल आपके साथ साझा करता हूँ। आज की तेज-रफ्तार दुनिया में, जहाँ एक सफल केरियर को जोश के साथ आगे बढ़ाया जाता है। व्यक्तिगत जीवन और व्यवसाय के बीच संतुलन बनाना अक्सर एक चुनौतीपूर्ण उपलब्धि की तरह लगती है। हालाँकि, इन दो आवश्यक पहलुओं के बीच सामंजस्य स्थापित करना हमारे हित और दीर्घकालिक सफलता के लिए महत्त्वपूर्ण है। हमें सर्वप्रथम हमारी प्राथमिकता निर्धारित करनी है। संतुलन बनाने का पहला कदम अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक टार्गेट को स्पष्ट रूप से पहचानना और उन्हें प्राथमिकता देना है। इस बात पर विचार करने के लिए समय निकालें कि आपके लिए वास्तव में क्या मायने रखता है। यह अभ्यास आपके निर्णय लेने का मार्गदर्शन करेगा और आपके मूल्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करेगा, जिससे भविष्य में संभावित संघर्षों को रोका जा सकेगा। व्यापार-नौकरी और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत जीवन और व्यवसाय के बीच स्पष्ट सीमाएँ बनाना आवश्यक है। इसमें विशिष्ट कार्य घंटों को परिभाषित करना, निर्बाध पारिवारिक समय निर्धारित करना और विश्राम के लिए व्यक्तिगत दिनों को ब्लॉक करना शामिल है। सहकर्मियों, ग्राहकों और प्रियजनों के साथ अपना तालमेल बनाये रखें क्योंकि यही लोग है जो आपके साथ सदैव रहते हैं।



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

अपने वर्क लोड को कम करने के लिए हमें योजना के साथ काम करना होता है। अपनी टीम के साथ कार्य को बाँट कर जिम्मेदारी को वितरित करें ताकि आप सभी जगह तालमेल बना सकें। आजकल टेक्नोलॉजी का युग है जो हमारे लिए बहुत ही फायदेमंद है। आज मोबाइल और लैपटॉप से कही भी, कभी भी हमारा काम हो सकता है।

इसके अलावा समय प्रबंधन कौशल विकसित करना महत्वपूर्ण है। समय हमारा साथी है, उनका सम्मान हमें जीवन में बहुत आगे लेकर जाएगा। यथार्थवादी लक्ष्य और समय सीमा निर्धारित करते हुए प्रत्येक दिन अपने कामों का टाइम टेबल बनायें और उन्हें प्राथमिकता दें। मल्टी टास्किंग कार्य करें, लेकिन प्रत्येक कार्य पर केंद्रित समय समर्पित करें। नियमित रूप से अपने शेड्यूल का पुनर्मूल्यांकन करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप व्यायाम, शौक और आराम जैसी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए समय रिजर्व करते है या नहीं।

जीवन में सबसे जरूरी है मधुर और आपसी रिश्ते। मजबूत व्यक्तिगत रिश्ते बनाए रखना आपके स्वास्थ्य और खुशी के लिए जरूरी है। प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम शेड्यूल करें, जैसे कि पारिवारिक डीनर, डेट नाइट्स या वीकेंड गेटअवे। सभी के साथ संवाद करें और अपनी प्रशंसा व्यक्त करें। इन रिश्तों को पोषित करके, आपका निजी जीवन फलेगा-फूलेगा, जो आपके व्यावसायिक प्रयासों में सफलता के लिए एक ठोस आधार प्रदान करेगा। इसके साथ ही व्यक्तिगत और व्यापार दोनों क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए स्व-देखभाल जरूरी है। शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को प्राथमिकता दें, जैसे कि नियमित व्यायाम, माइंडफुलनेस अभ्यास, शौक और आराम के लिए समय। खुद का ख्याल रखने से आप जीवन के सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से सामने आ पाते हैं।

काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है जरूरत से ज्यादा काम करने की प्रवृत्ति। उन कार्यों या प्रतिबद्धताओं को 'ना' कहना सीखें जो आपकी प्राथमिकताओं या मूल्यों के अनुरूप नहीं है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आप जो संभाल सकते हैं, उसके बारे में यथार्थवादी रहें, यह सुनिश्चित करें कि आपके पास व्यापारी और व्यक्तिगत दोनों तरह के कामों के लिए पर्याप्त समय और ऊर्जा हो।

व्यक्तिगत जीवन और व्यवसाय के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करना एक सतत् यात्रा है जिसके लिए समर्पण और सचेत प्रयास की आवश्यकता होती है। व्यापार तो चलता रहेगा, जीवन अमूल्य है। उसे जिओ, जानो और पहचानों क्योंकि -

जिंदगी एक सफर है सुहाना
यहाँ कल क्या हो किसने जाना ?

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# फोस्टा द्वारा MSME - 43B(H) कानून विषय पर वेबिनार का आयोजन

**सूरत/** फोस्टा निरंतर व्यापारियों के हितो के लिए कार्य करने के प्रयास में कार्यरत है। वर्तमान में MSME के नए पेमेंट नियम को लेकर व्यापारियों में काफी असमंझस की स्थिति है।

जिसके अंतर्गत फोस्टा द्वारा 22 मार्च को फोस्टा बोर्ड रूम में सूरत शहर के MSME विशेषज्ञ, निष्णांत चार्टर्ड अकाउंटेट (CA) की उपस्थिति में MSME सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर के लिए वर्चुअल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में लाईव के माध्यम से विशेषज्ञ चार्टर्ड अकाउंटट (CA) द्वारा MSME सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दिये गये। साथ ही लाईव सेमिनार के दौरान व्यापारियों ने काफी प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर भी विशेषज्ञ चार्टर्ड अकाउंटेट (CA) द्वारा दिये गये। करीबन 6000 व्यापारी बंधुओ ने इस वर्चुअल सेमिनार का लाभ लिया।







अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने बताया की फोस्टा कार्यालय एवं whatsapp के माध्यम से कई व्यापारियों के MSME नियम के सम्बंधित सवाल आ रहे थे जिससे व्यापारियों की सुविधा के लिए यह वर्चुअल सेमिनार का आयोजन किया गया। व्यापार हित में आगे भी फोस्टा ऐसे सेमिनार करती रहेगी।

इस सेमिनार में CA राजेश भाउवाला, CA मनोज काबरा, CA प्रग्नेश जगासेठ, CA राहुल अग्रवाल एवं फोस्टा डायरेक्टर उपस्थित रहे।

## होली का रंग रहा फीका

# नवरात्रा में खुशी की लहर

**पानीपत/ प्रिंस शर्मा**

इस बार होली का रंग फीका रहा और यह फीकापन किसान आंदोलन के कारण रहा क्योंकि बाहर का व्यापारी आया ही नहीं। विशेषकर पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश के व्यापारी तो आए ही नहीं जबकि राज्यों के व्यापारियों का पानीपत मण्डी के साथ पुराना संबंध है। इन राज्यों में करोड़ों रूपयों का माल जाता है परंतु इस बार यह शून्य रहा, क्योंकि राज्यों में कंबल तो जाता ही है साथ में हैण्डलूम के कई आयटम भी जाते थे वे नही गए। जवाहर क्लॉथ मार्केट के प्रधान श्री दर्शन बवेजा ने बताया कि मंदी के कारण लोग व्यापार बदलने का विचार बना चुके है। चौड़ा बाजार तथा श्री प्रेम मंदिर मार्केट के उद्योगपतियों का कहना है कि नवरात्रा में कुछ उम्मीद जगी है। इस मार्केट के उद्योगपति श्री चमनलाल गुलाटी (जो जन सेवादल के प्रधान भी है) तथा श्री बिट्टू कथूरिया का कहना है कि स्कूलों के नये सत्र् में गारमेण्ट्स की सेल बढ़ेगी और वैशाखी पर्व पर भी उम्मीद है। श्री विमल मेहता ने बताया कि यह पर्वों का महीना होता है क्योंकि नवसंवत्, नवरात्रा, श्री रामनवमी और वैशाखी पर्व पर जो बिक्री बढ़ेगी वह व्यापारियों के चहरें पर खुशी लायेगीं।

# आगामी स्कूल सीजन की तैयारी शुरू

**ब्यावर / अनिल डोसी**

अभी वैवाहिक सीजन से मार्केट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। ड्रेस मटीरियल, साड़ियां, फैंसी बैस, सलवार सूट्स, टेरी रूबियां, शर्टिंग-सूटिंग, धौती जोड़ी, रेडीमेड गारमेण्ट का चलन ज्यादा ही है। मुंबई, पाली, बालोतरा, भीलवाड़ा, जौधपुर, सूरत और अहमदाबाद की क्वालिटियां चल रही है। पैमेंट की आवक ठीक है। आगामी स्कूल ड्रेस की सीजनल तैयारी शुरू हो गई है।

# वैवाहिक सीजन में मांग नहीं : लोकसभा चुनाव का भी असर

## फैब्रिक के भाव स्थिर लेकिन धन की तंगी बरकरार

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

गत पखवाड़े के दौरान दिल्ली कपड़ा बाजार में कारोबार कमजोर बना रहा क्योंकि जहां एक ओर वैवाहिक सीजन की मांग पर्याप्त मात्रा में नहीं आ रही है वहीं, दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के कारण भी कारोबार प्रभावित हो रहा है क्योंकि नकदी लाने-ले जाने में परेशानी हो रही है। इसके साथ ही बढ़ती गर्मी के कारण भी वैवाहिक मांग नहीं आ रही है। जानकारों का कहना है कि हालांकि कुछ वर्ष पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में काफी संख्या में विवाह-शादियां सम्पन्न होती थी क्योंकि रबी फसलों की कटाई के साथ ही किसानों के पास पैसा आता है लेकिन अब वह बात नहीं रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब शरद सीजन में अधिक शादियां होने लगी है। इसके अतिरिक्त बदलते मौसम के कारण रबी की कटाई भी अनियमित होती जा रही है। इस प्रकार कुल मिलाकर ग्रीष्मकालीन वैवाहिक सीजन में अब ग्राहकी की मारा-मारी नहीं रही है। व्यापारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के कारण भी कारोबार प्रभावित रहा है तथा ग्राहकी कम आ रही है। इसके अतिरिक्त चुनाव में पैसे के दुरूपयोग को रोकने के लिए नकदी लाने-ले जाने पर सख्ती के कारण व्यापारियों की खरीद भी सीमित हो गई है। जानकारों का कहना है कि वित वर्ष समाप्त हो जाने के बाद मिलें भी फिलहाल हिसाब-किताब में व्यस्त हैं तथा चालानी आदि में व्यस्त हैं। व्यापारियों के अनुसार जल्दी ही मिलों द्वारा आगामी सीजन के लिए बुकिंग आदि की योजना बनाने का इंतजार है। बाजार में धन की तंगी बरकरार है तथा इसमें सुधार की कोई संभावना भी नजर नहीं आ रही है। जानकारों का कहना है कि फैब्रिक के भाव अब लगभग स्थिर हो गए हैं तथा बाजार में मांग की स्थिति को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि कोई मिल या निर्माता भाव वृद्धि कर पाएगा जबकि भाव में किसी प्रकार की कटौती की तो बात ही दूर है।

**मार्जिन घटा...** व्यापारियों का कहना है कि कपड़े के कारोबार में मार्जिन लगातार कम होता जा रहा है जबकि लागत बढ़ रही है। थोक व्यापार में बढ़ते कॉम्पिटीशन और रिटले व्यापारियों द्वारा भुगतान लम्बा खींचने से भी मार्जिन प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार सीमित रहा जबकि, शर्टिंग में सीमित मांग है। वैवाहिक साड़ियों, लहँगा आदि में मांग कमजोर बनी हुई है। कॉटन आइटमों की मांग में कुछ सुधार हुआ है। कॉटन व सिंथेटिक लेडीज सूट आदि में संतोषजनक ग्राहकी बनी हुई है। सिंथेटिक सूटिंग में मांग कमजोर है। जानकारों का कहना है कि पिछले दिनों डोनियर, सियाराम आदि ने स्कीमों के जरिए ग्राहकी अवश्य बटोरी है। रेमंड में डिस्काउण्ट की भी बाजार में चर्चा है। अभी तक अधिकांश सूटिंग निर्माता स्कीम में विदेश यात्रा या देश के पर्वतीय यात्रा को रखते थे, लेकिन इस बार स्कीम में अयोध्या यात्रा को भी शामिल कर लिया है। कॉटन सूटिंग में सीमित मांग आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के कारण लिनन आदि में अवश्य कुछ मांग आ रही है लेकिन इसके भाव काफी ऊंचे हो चुके हैं। सफारी और कॉम्बों पैकिंग में कारोबार कमजोर बना रहा। गर्मी का सीजन होने के कारण शर्टिंग में मांग संतोषजनक आ रही है लेकिन ईद के लिए प्लेन की मांग आशानुरुप नहीं है। उल्लेखनीय है कि ईद के अवसर पर कुर्ता-पायजामा के लिए प्लेन शर्टिंग की अच्छी मांग रहती है। व्यापारियों का कहना है कि शर्टिंग में कॉटन, पीवी, लिनन आदि की मांग है। वैवाहिक तिथियां कम होने के कारण भारी साड़ियों, लहंगा, चुनरी आदि की मांग सीमित है। व्यापारियों के अनुसार फैंसी व लाइट वेट गाऊन आदि की मांग है। गर्मी का सीजन होने के कारण कॉटन आइटमों की अच्छी मांग बनी हुई है। डोरिया, कैम्ब्रिक, पोपलीन, टू बाई टू रुबिया की सीमित मांग आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि कॉटन आइटमों के भाव भी लगभग रूक से गए हैं। लेडीज सूटों में कॉटन और सिंथेटिक में मांग बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि फिलहाल कॉटन सूटों की मांग अधिक रहने का अनुमान है।

# एमएसएमई से व्यापारियों को भारी नुकसान

**निजामाबाद/ जुगल किशोर झँवर...** एमएसएमई के 45 दिन के कानून से हजारों गांठे रिटर्न हो गई है। नई-नई डिजाइंस लेटेस्ट फ्रेश माल का पेमेंट ही 45 दिनों में आ जाता है तो भी माल बेंचने में व्यापारी तैयार है परंतु जो माल रिटर्न आया है, उस पर भाड़ा लगा है उसको रखने के लिए जगह की भी समस्या हो गई है। दिसंबर 2023 तक ऐसी कोई चर्चा नही थी कि 45 दिनों में पेमेंट करना पड़ेगा। दिसंबर-जनवरी में लग्न-सावा को देखते हुए सभी व्यापारियों ने माल खरीदा तब बेंचने वाले किसी व्यापारी ने यह नही कहा कि 45 दिन में पेमेंट देना होगा या मार्च 2024 तक क्लियर करना होगा। अचानक सभी व्यापारी जैसे नींद से जगे और शोर मचाने लगे उससे उनको कुछ पेमेंट आया होगा परंतु जो माल रिटर्न हुआ व नये ऑर्डर नहीं मिलने से जो सीजन की ग्राहकी में माल नही बिका। उससे देखते हुए सोंचे तो सूरत हो या पाली, बालोतरा, बनारस सभी व्यापारियों को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। अभी कोई स्पष्टता नहीं है गलती किसकी है, क्या है, वो अलग बात है। कोरोना के बाद जो कपड़े का व्यापार वापस पटरी पर आया था वो पूरा चौपट हो गया । उसका असर मैन्युफेक्चरर, यार्न, प्रोसेस होलसेल दुकानदार रिटेल व्यापारी सभी पर पड़ा है। कारण तेलंगाना में आगे दिवाली तक विवाह नहीं है। अप्रैल 2024 तक सभी जगह से व्यापारियों को ही नुकसान होगा।

# साड़ी और हैण्डलूम में जोरदार मांग

**सतना / बलराम शुक्ला**

इस समय लग्न का सीजन है। बाजार में ग्राहकी अच्छी है। हालांकि किसान फसल कटाई में व्यस्त है लेकिन उसके बाद भी लोगों द्वारा खरीदी हो रही है। इस बार वैवाहिक सीजन ज्यादा नहीं है। मई-जून में लग्न-सावा नहीं है। व्यापारी माल लेने में डर रहा है। इस वर्ष एमएसएमई के कारण व्यापार बहुत प्रभावित हुआ है। बाजार में पैसा नहीं है। देशावर का पैसा तो व्यापारियों ने व्यवस्था करके भेज दिया है। अभी पैसा आ नहीं रहा है क्योंकि फसल आने में समय है उसके बाद ही पैसा आयेगा। इस समय बाजार में साड़ी लहंगा और हैण्डलूम के मालो की मांग है। मार्केट में फैंसी डायड साड़ी खूब बिक रही है।

# Yarn Rate+GST

## यार्न रेट्स 05 अप्रैल, 2024

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 214 |
| 2/18 Dyed | 174 |
| 2/40 Dyed | 254 |
| 2/30 Frosted | 212 |
| 2/30 Dyed Slub | 214 |
| 2/30 School Dress Clourer | 214 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 145 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 155 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 152 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 168 |
| 1/15 Poly Black | 105 |
| 20 PV Black | 133 |
| 15 PV Black | 132 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN

Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 109-146 |
| 150 Roto Black | 118-158 |
| 150 Roto Bright | 132-148 |
| 150/250 Grey | 123-164 |
| 150/250 Dyed | 138-183 |
| 150 Fdy | 135 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 121 |
| 2/40 POLY | 168 |
| 2/15 Poly Grey | 112 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 113 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 59-99 |
| 6 CONE | 87-148 |
| 10 CONE | 92-193 |
| 2/4 CONE | 88-147 |
| 2/6 CONE | 94-164 |
| 2/8 CONE | 93-175 |
| 2/10 CONE | 110-205 |
| 2/20 CONE | 220-278 |
| 2/30 CONE | 302-408 |
| 2/40 CONE | 285-365 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 185 |
| 15 CONE | 190 |
| 20 CONE | 198 |
| 2/15 CONE | 200 |
| 2/40 CONE | 250 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey | 163 |
| 2/24 Poly Grey | 168 |
| 2/30 Poly Gray | 175 |
| 2/40 Poly Grey | 198 |
| 2/60 Poly Gray | 258 |
| 2/76 Poly Gray | 320 |
| 2/30 PV Black | 220 |
| 2/40 PV Black | 260 |
| 2/30 PV HD Dyed | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 148 |
| 2/30 P/V | 176 |
| 1/30 P/V | 156 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 121 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 202 |
| 2/30 PV | --- |
| **Mahabir** | |
| 15 PV | --- |
| 20 PV | --- |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 215 |
| 2/60 PVT | 215 |
| 2/60 Polyster | 230 |
| 2/80 PC Combed | 320 |
| 2/76 Polyster | 375 |
| 2/60 P.V. | 265 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 194+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 183+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 182+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES

9414111656

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 142 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 176 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 210 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 140 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey | |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 155 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 160 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 182 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 121 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 140 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 190 |
| 2/30 100% Viscose@ | 220 |
| 2/40 100% viscose@ | 250 |

### Raghav Group

M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 164 |
| 1/14 OE | 174 |
| 1/16 OE | 178 |
| 1/20 OE | 202 |
| 30 KW | 255 |
| 30 CW | 270 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 135+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 130+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 125+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 225+GST |
| 2/18 P/V Black | 165+GST |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 170 |
| 7 OE | 172 |
| 10 OE | 175 |
| 10 Lycra | 250 |
| 10 Slub Lycra | 270 |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| 2/60 pv | 260 |
| 2/40 pv | 185 |
| 2/30 pv | 165 |
| 2/24 pv | 160 |
| 2/20 pv | 156 |
| 2/18 pv | 160 |
| 2/15 pv | 155 |
| 20 pv. | 147 |
| 15 pv. | 142 |
| 10 pv. | 140 |
| 2/60 pv kk | 281 |
| 2/40 pv kk | 205 |
| **Nahar** | |
| 2/40 pv | 200 |
| 2/30 pv | 175 |
| 30 pv. | 158 |
| 2/30 pv 65/35. | 171 |
| Formosa,nahar | |
| **PV RECYCLED 70/30.** | |
| 2/30. | 154 |
| 15. | 131 |
| **100% POLY YARN** | |
| 2/40. | 175 |
| 2/30. | 148 |
| 2/24. | 138 |
| 2/20. | 138 |
| 2/15. | 132 |
| 20. | 127 |
| 15. | 122 |
| 10. | 119 |
| 8. | 119 |
| Less 1 rs cd | |
| **RECYCLED POLY** | |
| 2/40. | 148 |
| 2/30. | 128 |
| 2/15. | 111 |
| 15. | 106. NAHAR |
| 15. | 103 SUPER |
| **PVT YARN** | |
| 2/47 | Poly Magic |
| 2/45 | Poly Magic |
| 2/32 | Pvt ,Pt |
| 2/15 | Black & White Spun |
| 2/30 | Grindel Spun Black White |
| 2/30 | Grindel Slub |
| **BLACK YARN** | |
| 2/30 pv | 161 |
| 2/18 pv. | 141 |
| 2/15 pv | 136 |
| 15 pv. | 127 |
| 2/30 poly black | 138 |
| 15 POLY black. | 104 |

Please contact us for any enquiry
Bhavit Jain : Mob. 99292-13144

### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )

Bhavit Jain
+91 99289 13144
JNB YARN MUMBAI

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 235 |
| 2/40 pv - | 180 |
| 2/30 pv - | 155 |
| 2/24 pv - | 149 |
| 2/20 pv - | 145 |
| 2/15 pv - | 135 |
| **100% poly** | |
| 2/76 - | 275 |
| 2/60 - | 230 |
| 2/40 - | 178 |
| 2/30 - | 156 |
| 2/24 - | 152 |
| 2/20 - | 147 |
| 2/15 - | 143 |
| **Recycled pv 70/30*** | |
| 2/30 pv - | 158 |
| **Recycled poly** | |
| 2/40 - | 159 |
| 2/30 - | 137 |
| 2/20 - | 131 |
| 2/15 - | 125 |
| **PC YARN 65:35** | |
| 2/40 COMBED - | 235 |
| 2/30 COMBED - | 195 |
| 2/30 CARDED - | 200 |
| 14 PC VIRGIN 65/35 | -141 |
| 14 PC OE 50/50 - | 134 |

### Jain Lalit Dhaliwal


(9364100686) | (9364471001)
URVASHI AGENCY

| | |
|---|---|
| **Sulzer reyon 48"** | |
| 40 pick @ | 23/00 |
| 42 pick@ | 23/50 |
| 44 pick@ | 24/00 |
| 50 pick@ | 25/25 |
| 52 pick@ | 26/00 |
| 56 pick@ | 27/25 |
| **Airjet 48"** | |
| 40pick@ | 23/00 |
| 42 pick@ | 23/50 |
| 44 pick@ | 24/00 |
| 50 pick@ | 25/50 |
| 52 pick @ | 26/25 |
| 56-58pic@ | 27/50 |
| 58 pick pakka@ | 27/75 |
| **Slub48"** | |
| @28/76 Sulzer bale or Roll | |
| Slub48"roll Airjet@ | 29/50 |
| 54" plain 68*58@ | 31/25, |
| 56 pick@ | 30/75 |
| 54" slub | |
| airjet@ | 33/00 |
| Reyon slub | |
| Slub 48"@ | 28/75 |
| Slub,airjet @ | 30/00 |
| 63"@38/00 sulzer | |
| Slub 63" | |
| 64 pick 63" airjet 39/50-* | |
| 71" Plain | |
| 68*58 @ | 43/00 |
| 71"HT | |
| 68*46(44) @38/25 normal | |
| Mill goods pakka 46 pick pakka @39/25 | |
| Cotton sattine 48" | |
| 6060/128*68@ | 38/00 |
| 6060/144*66@ | 39/50 |
| 6060/165*80@ | 49/50 |
| 40c*40lycra | |
| 46(44) pick airjet Roll@ | 55/- |
| Slub Lycra(Reyon) | |
| 66"@ | 48/00 |
| 72"@ | 53/00 |
| 78"@ | 57/00 |
| 88" RS@ | 62/00 |
| Slub Lycra | |
| Plain Lurex 48" 68*56@29/00 sulzer, | |
| airjet @30/00 | |
| 63" 68*58(56)silver 1cm Lurex Airjet@39/00 | |
| HT Lurex 68*44 2CM 71"@41/00 | |
| 46 pick @42/- | |
| 63" Plain Airjet | |
| 44 pick 63" @ | 30/75 |
| 46 pick 63" @ | 31/50 |
| 50 pick 63"@ | 32/75 airjet |
| 52 pick 63"@ | 33/50 |
| 56 pick 63"@ | 35/00 |
| 58 pick 63"@ | 35/75 |
| 3030/92*68 63" | |
| plain 205-210gm@ | 47/00 |
| Cotton Popline & cambrick | |
| 6060/92*88(86) 48"@ | 38/50 |
| 6060/92*88(86) 63"@/ (86 pick) | 49/00 |
| 6060/165*104 63" sattine@69/00 | |
| 6060/132*104 63"@ | 69/- |
| 6060/132*100 63"@ | 67/- |
| 4040/132*72 63"@ | 69/- |
| 4040/124*72 63"@ | 65/- |
| 4040/124*64 63"@ | 61/- |
| 4040/132*68 63"KK@ | 64/- |
| 4040/120*72 K*K 63@ | 59/50 |
| Cotton Flax 56*44(42) 63"@ | 74/- |
| Reyon Flax 56*44(42) 63"@ | 70/- |

समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
MOBILE 9468835188, 417, 4th FLOOR,
COMMERCIAL MALLGOVINDAM,
OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001

# भूल ना जाना ०४३

RISHAB WORLD




## हसरत मोहानी

(१८७५-१९५१)

**इन्कलाब जिन्दाबाद**

**हजरत मोहानी** ने सन् 1921 में एक महत्वपूर्ण नारा लिखा **'इन्कलाब जिन्दाबाद'** (आजादी अमर रहे) जिसे **शहीद भगत सिंह** ने सन् 1931 में फांसी के वक्त बोला था।

वे अहमदाबाद कांग्रेस के अधिवेशन में **स्वामी कुमारानन्द** के साथ प्रथम जत्थे के व्यक्ति थे, जिन्होने **देश की सम्पूर्ण आजादी** का नारा दिया।

**मोहानी** का जन्म सन् 1875 में **मोहान** नामक गांव में हुआ, जो उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले में स्थित है। इसका मूल नाम **फजुल हसन** था किन्तु **उर्दू में शायरी** में उपनाम **हसरत मोहानी** रखने से इसी नाम से प्रसिद्ध हो गए।

भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने के कारण सन् **1903** में ऐसे समय **कारावास** हुआ, जब राजनैतिक कैदियों को भी सामान्य कैदियों के समान रखा जाता था और सामान्य कैदी की भांति श्रम करवाया जाता था।

**भारत के विभाजन** के क्रम में प्रगतिशील लेखक व राष्ट्रस्तरीय राजनीतिज्ञ **हसरत मोहानी** ने **दो राष्ट्रों** के सिद्धान्त का जमकर विरोध किया और विभाजन के बाद भी पाकिस्तान के बजाय **भारत में रहना** पसंद किया।

सन् 1947 में स्वतंत्रता के बाद **हसरत मोहानी** को दोनों देश **भारत और पाकिस्तान** ने सम्मानित किया तथा कई **सड़कों और संस्थानों** का उनके नाम पर नामकरण किया।

सन् 2014 में भारत सरकार ने उनके सम्मान में **5/- रूपये का डाक टिकट** जारी किया।



HI FABRIQUE INC.®
Corporate Office :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027 INDIA. Tel. No : +91 80 40500200 Email : info@hifabrique.com
Mumbai Office :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5 Off Kalbadevi Rd, Mumbai - 400002, INDIA. +91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com
www.hifabrique.com
Venerdi® ITALY



CADINI ITALY
THE POWER OF PRESENCE
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
www.cadini.com
Available at all leading retail outlets across the country. For trade/ corporate enquiries, contact: 022-68330500.

Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98


















# सीसीआई ने 5.02 लाख गांठ कॉटन बेची

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने चालू कॉटन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितम्बर) 4 अप्रैल तक बाजार में मिलों को 5.02 लाख गांठ (प्रतिगांठ 170 किलो) हैं और उसके पास 27.8 2 लाख गांठ का स्टॉक बचा है। हालांकि इस वर्ष देश में कॉटन का उत्पादन कम होने का अनुमान है लेकिन निर्यात मांग कमजोर होने से घरेलू बाजार में कॉटन के भाव गिरकर सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे आने के कारण सीसीआई ने 32.84 लाख गांठ कॉटन की खरीद की थी। अधिकांश खरीद तेलंगाना में की गई थी।

**आवक 261.60 लाख गांठ**– इसी बीच, देश की मंडियों में अब तक लगभग 261.6 लाख गांठ की आवक हो चुकी है। सरकार का अनुमान 2023-24 में कॉटन उत्पादन का अनुमान 323.11 लाख गांठ का है। इस प्रकार अब किसानों के पास लगभग 61.51 लाख गांठ कॉटन का स्टॉक होने का अनुमान है।




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**

7 से 21 अप्रैल, 2024
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate






# इटालियन फैशन अब भारत में भी



# SIMONE FEDERICO & FIGLI

## सिमोने फेडेरिको एंड फिली की गोवा रिव्यू मीट असीम सफलता के साथ सम्पन्न

## PREMIUM ITALIAN WOOLLEN SUITING फैब्रिक के उत्कृष्ट वूल उत्पादों का प्रदर्शन










**गोवा/** समुन्द्र तटीय हवाओं के साथ ताज ग्रुप के शानदार 5 सितारा होटल में SIMONE FEDERICO & FIGLI द्वारा आयोजित REVIEW MEET में देश के सभी राज्यों से वस्त्र व्यापार जगत के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना के साथ हुई। तत्पश्चात् श्री रवि तोषनीवाल- MANAGING DIRECTOR, श्री शैलेन्द्र पांडेय- BUSINESS HEAD, श्री अनिल तोतला VICE PRESIDENT- SALES और श्री महेश धूमस GENERAL MANAGER - SALES एवं विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिष्ठित बिजनेस एसोसिएट्स द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

LANIFICIO Simone Fed.co & Figli BIELLA (ITALIA)






**श्री रवि तोषनीवाल (MANAGING DIRECTOR)** ने सभी बिजनेस एसोसिएट्स का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्वागत किया और उनका ध्यान विश्वव्यापी व्यापार में हो रहे बदलाव की और आकर्षित करते हुए कहा कि व्यापार व्यवस्था में यदि चुनौतियां हैं तो अवसर भी है, बस हमें ज़रुरत है दृष्टिकोण को बदलने की।



ब्रांड के अधिग्रहण के लिए अपनी और श्री पांडेय की इटली यात्रा और सिमोने परिवार के साथ अपनी यादगार मुलाकात के अनुभव को साझा करते हुए श्री तोषनीवाल अपने इटालियन डिजाइनरों के बारे में बताया की वे काफी वर्षों से इटालियन फैब्रिक डिजाइनिंग का अनुभव रखते हैं और कंपनी के साथ निरंतर जुड़े रहकर विश्वस्तरीय उत्पादों का उत्पादन करते हैं।

श्री तोषनीवाल ने सभी व्यापारियों को अंत में धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत में जो वैश्विक व्यापार, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और वाजिब दाम की चुनौतियां हैं उन्हें हम स्वीकार करते हुए आप सभी के सहयोग से अवश्य सफल होंगे ऐसी हमें आशा है। अगले दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए BUSINESS ASSOCIATES ने SIMONE FEDERICO & FIGLI की संपूर्ण फैब्रिक रेंज का अवलोकन किया और कंपनी द्वारा वूल के हर ब्लेंड में विकसित किये गये नए रंगो, पैटर्न युक्त डिज़ाइनो को काफ़ी सराहा जो इसकी प्रोडक्ट रेंज के ITALIAN LOOK और FEEL को पूरी तरह प्रमाणित करते हैं।



**श्री शैलेन्द्र पांडेय (BUSINESS HEAD)** ने व्यापारिक साझेदारों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने और अपने ग्राहकों को वैश्विक स्तर के उत्पाद एवं वाजिब दम पर उपलब्ध करने के लिए SIMONE FEDERICO & FIGLI का अधिग्रहण कर भारतीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ PREMIUM ITALIAN FASHION FABRIC की उपलब्धता सुनिश्चित करना वक्त की एक अहम् जरूरत बताया।

श्री पांडेय ने कार्यक्रम के दौरान कई वूलन मिलों में किए अपने पूर्व अनुभव को साझा किया और बताया कि हम सही मायने में देश में एक INTERNATIONAL ITALIAN BRAND ला रहे हैं जिसका इतिहास वर्ष 1876 से विश्वस्तरीय PREMIUM ITALIAN FASHION FABRIC का उत्पादन कर विश्व के अधिकांश देशों को उपलब्ध कराने का रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित युवा व्यापारियों की प्रशंसा करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि इस नई युवा टीम और उसकी ऊर्जा को देखकर हम पूर्ण विश्वास से कह सकते हैं कि हम अपने लक्ष्य को निर्धारित समय में जरूर प्राप्त करेंगे। श्री पांडेय ने उत्पादों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि हम पहले से देश में हर प्रकार के YARN, FABRIC और READYMADE फैब्रिक बनाते आ रहे हैं जिनकी शानदार गुणवत्ता और वाजिब कीमत उनकी भारतीय एवं विदेशी बाजारों में माँग बड़ी वजह है और यह मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। हम वर्तमान में देश और विदेश के बड़े वस्त्र घरानों को अपने लुभावने रंगो से युक्त, विविध BLENDS के साथ-साथ INNOVATIVE PRODUCTS भी उपलब्ध कराते हैं, जिन्हे बाजार में काफी सराहा जाता है।

अपने उद्बोधन को समाप्त करने से पहले श्री पांडेय ने सभी को ब्रांड के साथ जुड़ने के लिए बधाई दी उनका धन्यवाद देते हुए कहा की उन्हें सर्वश्रेष्ठ उत्पाद, अच्छे प्रचार, उचित मूल्य के साथ ही सर्वोत्तम और पारदर्शी व्यापार नीति का भी वादा किया, जिसका सभी व्यापारियों तहे दिल से स्वागत किया और इसे बाजार में विश्वास बनाए रखने हेतु एक बड़ा सराहनीय कदम बताया गया।



**श्री अनिल तोतला (VICE PRESIDENT-SALES)** ने भारतीय बाजार में SIMONE FEDERICO & FIGLI के लिए संबोधित करते हुए अपना ध्यान केन्द्रित कर उन्हें आश्वस्त किया कि SIMONE FEDERICO & FIGLI एकमात्र ब्रांड है जो एक साथ आगे बढ़ने और भारतीय बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फैशन फैब्रिक की मांग को पूरा करने के आश्वासन के साथ आ रहा है। उन्होंने सहयोग एवं साझेदारी को बढ़ावा देने तथा अपने ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।

**श्री संजय शर्मा (DGM - MARKETING)** ने उत्साह और आकर्षण के साथ उपस्थित व्यापारियों का अभिवादन किया। श्री शर्मा ने कहा कि जब हम सिमोने के साथ इस PREMIUM ITALIAN FASHION की यात्रा पर निकल रहे हैं तो हम यहाँ पर आपकी उपस्थिति से रोमांचित हैं और यह उम्मीद करते हैं कि हमारी यह अनोखी यात्रा ज़बरदस्त उत्साह, प्रेरणा, सहयोग और अपार सफलताओं से भरी होगी। **श्री महेश धूमस (GENERAL MANAGER-SALES)** ने सभी बिजनेस एसोसिएट्स का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्वागत किया । फैब्रिक रेंज के अवलोकन के दौरान सभी से उत्पादों से सबंधित अमूल्य सुझाव लिए और उन पर अमल करने का वादा करते हुए हुए सभी का धन्यवाद किया।

इंटरेक्टिव सत्र के माध्यम से कंपनी ने उपस्थित सभी सभी साझेदारों को रचनात्मक संवाद एवं सहयोग हेतु एक मंच प्रदान किया। उपस्थित सभी व्यापारिक साझेदारों ने इस फीडबैक सत्र के दौरान उत्पादों के प्रदर्शन, कंपनी की नीतियों, मूल्य निर्धारण, मार्केटिंग की रणनीतियों और ब्राण्ड के प्रचार एवं प्रसार जैसे मुख्य विषयों पर अपने अमूल्य सुझाव दिये और भारतीय बाजार में SIMONE FEDERICO & FIGLI की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

उपस्थित लोगो ने ब्राण्ड की क्षमता के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया और विकास के अवसरों को अधिकतम करने तथा ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाने के उद्देश्य से उत्पादक चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन SIMONE FEDERICO & FIGLI के ऑफिशियल लॉन्च और भारतीय कपड़ा उद्योग में निरंतर सफलता प्राप्त करने की दृढ़ भावना के साथ संपन्न हुआ।















# सौराष्ट्र टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (STTA) ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट STPL SEASON-3 का भव्य आयोजन






सूरत/ सत्यप्रकाश

विगत 23 - 24 मार्च 2024 को सूरत के सौराष्ट्र टेक्सटाइल ट्रेडर्स एसोसिएशन (STTA) ने एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट STPL SEASON-3 का आयोजन किया। एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट मे टोटल 12 लीग मैच, 2 सेमी फाइनल मैच और एक फाइनल मैच खेला गया। सेमी फाइनल -1 का मुकाबला कष्ट भंजन और स्त्री टीम के बीच में हुआ, जिसमें स्त्री टीम विजेता हुई और फाइनल मे अपनी जगह बना ली। इसके बाद सेमी फाइनल -2 का मुकाबला एमकाजो और राही फैब्रिक्स (सीताराम ग्रुप) टीम के बीच मे हुआ था, जिसमें एमकाजो टीम विजेता हुई और फाइनल मे अपनी जगह बना ली थी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एमकाजो और स्त्री टीम के बीच मे हुआ था। जिसमें भारी रस्साकसी के बाद 2 रन से एमकाजो टीम इस टूर्नामेंट की विजेता टीम बनी। सूरत के सप्लायर्स, एजेंसी और व्यापारी मित्रों में सामाजिक सोहार्द एवं व्यापारिक संबंध मजबूत हो, इसी उद्देश्य से इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है। इस टूर्नामेंट में सूरत टेक्सटाइल मार्केट से जुड़े करीबन 10000 से अधिक दर्शक टूर्नामेंट देखने आए। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में सूरत मंडी के कई दिग्गज व्यापारियों ने शिरकत की।



## टूर्नामेंट के सहयोगी

STPL SEASON - 3 के आयोजन में STTA के प्रेसिडेंट एवं Apple Group चेयरमैन श्री दीपक शेटा, वाइस प्रेसिडेंट एवं संस्कार ग्रुप के डायरेक्टर श्री शैलेश गांगानी, सेक्रेटरी श्री जगदीश असलालिया, कमेटी मेंबर श्री नरेश सचापरा सहित STTA की पूरी टीम ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। इसके अलावा टाइटल स्पॉन्सर डीएमडी डवलपर्स तथा टाइटल को- स्पॉन्सर एप्पल ग्रुप सहित कई टेक्सटाइल कंपनीज एवं एजेंट्स ने अलग अलग व्यवस्थाओं के स्पॉन्सर के रूप में अहम भूमिका निभाई। डिजाइनर लहंगे के निर्माता प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट ने ट्रॉफी स्पॉन्सर एवं बोनारो वस्त्र उत्सव ने कैफेटेरिया स्पॉन्सर के रूप में सहयोग किया।



# सूरत के विख्यात लहंगा निर्माता प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट ने पेश किया BANGKOK यात्रा का शानदार ऑफर

Prabhu जी HARE KRISHNA ART


## ब्राइडल एवं पार्टी वियर कलेक्शन का खजाना

विदित है कि सूरत मण्डी में **'प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट'** डिजाइनर लहंगों के बड़े निर्माताओं में से एक है। इनके द्वारा 2000 से 25000 रूपये तक की रेंज के डिजाइनर लहंगे बनाये जाते है। कंपनी के डायरेक्टर श्री नरेश साचापरा के अनुसार नेट, वेल्वेट, जॉर्जेट, प्योर सिल्क इत्यादि फैब्रिक्स में कंपनी खास रेंज तैयार करती है। इस साल कंपनी ने जिमिचू फैब्रिक्स में लहंगों का नया कलेक्शन तैयार किया, जो हिट साबित हुआ। भारत में महिलाओं के सबसे पसंदीदा पहनावे लहंगों को आकर्षक अंदाज में पेश करने वाली कम्पनी 'प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट' का बॉक्स एवं शूज कलेक्शन पूरे सूरत में अनोखा एवं लाजवाब होता है।




सूरत/ सभी तरह के डिजाइनर लहंगों के विख्यात निर्माता **'प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट'** ने अपने देश-विदेश के व्यापारियों के लिए बैंकॉक यात्रा का शानदार ऑफर दिया है। कंपनी के डायरेक्टर श्री नरेश साचापरा के अनुसार यह स्कीम 1 मार्च 2024 से 15 अप्रेल 2024 के समयान्तराल के मध्य की गई खरीदी पर लागू होगी। यह स्कीम कंपनी द्वारा निर्मित सभी तरह के परिधानों की खरीदी पर लागू होगी। श्री नरेश साचापरा ने बताया कि जब से स्कीम लॉञ्च की है, तब से व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह है। हमारी कंपनी ने स्कीम के तहत जो टारगेट लिया गया था, वो भी पूरा हो गया है। स्कीम के तहत व्यापारियों के लिए यात्रा के दौरान सभी सुविधाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि वेडिंग सीजन की तैयारी के तहत हमने ब्राइडल एवं पार्टी वियर लहंगों में इस बार काफी लम्बी रेंज डवलप की। जिसे हमारे सेल्स चैनल में खूब सराहा भी गया तथा बिक्री भी अच्छी हुई। इसलिए अपने व्यापारियों को विदेश यात्रा कराने के उद्देश्य से बैंकॉक-ट्यूर के रूप में शानदार ऑफर पेश किया है।



# कानपुर कपड़ा कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमित दोसर | अध्यक्ष |
| 2 | श्री राकेश कपूर 'टम्मी' | वरिष्ठ उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री अनिल कुमार जैन | कनिष्ठ उपाध्यक्ष |
| 4 | श्री नवीन कुमार नेवटिया | प्रधान सचिव |
| 5 | श्री अभिषेक चावला 'सोनू' | सचिव |
| 6 | श्री रामप्रकाश गुप्ता 'मुन्नू भइयां' | संयुक्त सचिव |
| 7 | श्री अशोक माहेश्वरी | कोषाध्यक्ष |
| 8 | श्री गौरव मेहरा | सदस्य |
| 9 | श्री रूमित सिंह सागरी 'सनी सागरी' | सदस्य |
| 10 | श्री वीरेन्द्र गुलाटी 'विक्की' | सदस्य |
| 11 | श्री दीपक कुमार गुप्ता | सदस्य |
| 12 | श्री राकेश कुमार सेठिया | सदस्य |
| 13 | श्री विश्वनाथ गुप्ता 'विस्सू बाबू' | सदस्य |
| 14 | श्री गौरव गुप्ता | सदस्य |
| 15 | श्री हीरालाल 'हीरा भाई' | सदस्य |
| 16 | श्री काशीप्रसाद शर्मा | सदस्य |
| 17 | श्री अमित गुलाटी | सदस्य |
| 18 | श्री करनराज बोहरा | सदस्य |
| 19 | श्री कमल कुमार अग्रवाल | सदस्य |
| 20 | श्री विवेक कुमार गुप्ता 'सोनू' | सदस्य |
| 21 | श्री श्यामजी गुप्ता 'भाई जी' | सदस्य |
| 22 | श्री श्रीकृष्ण गुप्ता 'बब्बू' | सदस्य |
| 23 | श्री रवि गुप्ता | सदस्य |
| 24 | श्री सत्यनारायण सिंहानिया | मुख्य निर्वाचन अधिकारी |
| 25 | श्री करूणेश कुमार मिश्र | सहायक निर्वाचन आधिकारी |
| 26 | श्री राधेश्याम माहेश्वरी | सहायक निर्वाचन अधिकारी |




DHARAMVIR®
SUITINGS & SHIRTINGS
CHOPRA LOT HOUSE
A Wholesale Distributors Of
Branded Suitings-Shirtings & Sarees
Shop.: 50/15, NAUGHARA, KANPUR - 208001, PH.:91-512-2353305
Mob.: 09415132971, E-mail: sanjivkumar@dharamvirgroup.com
6 N 6 Patel Nagar Housing Board, Bhilwara - 311001 Ph.: 01482-260272
WEB: WWW.DHARAMVIRGROUP.COM

# होलसेल कपड़ा व्यवसाय में दिग्गज प्रतिष्ठान गोवर्धन साड़ी





**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में होलसेल कपड़ा व्यवसाय के लिये जाना माना एवं चिरपरिचीत प्रतिष्ठान गोवर्धन साड़ी आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। गौरतलब है कि देश की ऐसी कोई कपड़ा उत्पादक मण्डी नहीं जिसका माल यहां पर नहीं बिकता हो... तमाम वस्त्रों की होलसेल बिक्री के लिये यह प्रतिष्ठित घर अपने कस्टमर के लिये क्वालिटी कपड़ा उपलब्ध कराने में सामर्थ्य रखता है।

व्यापार की शुरूआत स्व. श्री रतनचन्द खत्री द्वारा की गई थी। तब से निरन्तर परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से इस पेढ़ी को बेहतर मुकाम पर पहुँचाया। व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका स्व. श्री अर्जुनदास खत्री (अज्जुभाई) ने सभी परिवार के सदस्यों के साथ एक टीम वर्क व बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था से गोवर्धन साड़ी को कपड़ा व्यवसाय में ऊपरी श्रेणी में स्थापित किया। श्री अर्जुनदास ने अपने व्यक्तित्व एवं कार्य में अपनी महारत से व्यापारियों से बेहतर सम्बन्ध स्थापित किए एवं शानदार नेटवर्क स्थापित किया।

## रेडीमेड गारमेण्ट

फर्म द्वारा रेडीमेड सेगमेण्ट में उत्पाद सप्लाई के लिये गोवर्धन गारमेण्ट नाम से अलग से प्रभाग बनाय गया, जिसे इस सेक्टर के अनुभवी टीम द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। श्री प्रशान्त खत्री ने बताया कि इसके लिये प्रबन्धन द्वारा स्थानीय शहर के कोपरगंज में रेलवे माल गोदाम के सामने सप्लाई सेन्टर से एक ही छत के नीचे मेन्समेयर, लेडीज वीयर, किड्स वीयर एवं अन्डर गारमेन्ट्स सभी ब्राण्ड के उत्पाद की होलसेल सप्लाई शामिल है।

## होलसेल फैब्रिक आपूर्ति

व्यापार में देश की कई वस्त्र उत्पाद मण्डियों का माल अपने व्यापारियों को सप्लाई करते हैं जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, कॉटन क्लॉथ, सूट, तोलिया, बेड एण्ड बाथ लुंगी, चद्दर मार्किन इत्यादि उम्दा क्वालिटियों के उत्पाद शामिल हैं।

## रिटेल सेक्टर में बना राजरतन ब्राण्ड

इस सेक्टर में इन्होंने उत्तरप्रदेश राज्य में कई शहरों में अपने रिटेल आउटलेट भी स्थापित किए, जो श्रृंखलाबद्ध रूप से 13 काउण्टर अलग-अलग बड़े शहरों में स्थापित हैं, जो सूबे के सबसे बड़े रिटेल प्रतिष्ठान राजरतन नाम से विख्यात है।

## प्रबन्ध व्यवस्था

कारोबार में स्व. श्री अर्जुनदास खत्री के भ्राता श्री हीराभाई, श्री प्रहलाद एवं पुत्र श्री प्रशांत खत्री के कुशल नेतृत्व से व्यापार निरन्तर सफलता के पथ पर अग्रसर है। रिटेल क्षेत्र में श्री राजकुमार खत्री बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था से कार्य देख रहे हैं।

GOVERDHAN GARMENTS
HARISH DHINGRA- 8577055305
DEALING IN: WHOLESALE SUPPLY




73/30, Cooper Ganj, Kanpur - 208001 (Opp. Rail Mall Godown Gate No.4)

AGARWAL
SHIRTINGS PVT. LTD.
MORETTI
ROYALE LINEN
Siyaram's
COTONOVA
Head Office: 48/225, General Genj, Kanpur - 208 001, Ph.: 0512 2388964
2319376, 2356058, Mob.: 9839036808 | Email: sa35698@gmail.com

# देश की कई वस्त्र मण्डियों में बेहतर नेटवर्क के साथ शीर्ष एजेंसी श्री आनन्देश्वर टेक्सटाइल एजेन्सी

**कानपुर**

वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित टेक्सटाइल एजेन्सियों में शामिल आनन्देश्वर टेक्सटाइल एजेन्सी ने अपने बेहतर सिस्टम एवं पारदर्शी व्यापार के साथ इस क्षेत्र में सन् 1998 में श्री योगेश चन्द्र गुप्ता द्वारा शुभारम्भ किया गया था। एजेन्सी के प्रबन्ध कार्य में कुशल टीमवर्क के साथ श्री अजय कुमार गुप्ता व श्री अनुभव गुप्ता के संयुक्त प्रबन्धन से फर्म का कारोबार सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। श्री योगेश गुप्ता ने शुरूआती दौर में ही मुम्बई एवं भीलवाड़ा की कई प्रसिद्ध कम्पनियों से कार्य करते हुए व्यापार में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की और अब कार्य विस्तार करते हुए कॉटन फैब्रिक आपूर्ति में अहमदाबाद की सूटिंग-शर्टिंग के साथ साथ इचलकंरजी निर्मित फैब्रिक सप्लाई में भी कार्य किया जा रहा है। एजेंसी कार्य में सूटिंग-शर्टिंग, कॉटन, फेंसी एवं गारमेण्ट फैब्रिक इत्यादि की सप्लाई शामिल है।



अहमदाबाद की कॉटन सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की फैब्रिक, भीलवाड़ा की यूनिफॉर्म फैब्रिक, फेंसी सूटिंग एवं इचलकरंजी में भी बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। बढ़ता गारमेण्ट सेक्टर पिछले कुछ वर्षों से द्रुतगति से रेडीमेड परिधानों में डिमाण्ड बढ़ने के मद्देनजर एजेंसी के अन्तर्गत कई शीर्ष कम्पनियों के मेन्सवीयर, ट्राउजर, शर्ट्स एवं किड्स वीयर के उत्पाद आपूर्ति किए जा रहे हैं। इस कार्य के अन्तर्गत एजेंसी में कार्य विस्तार करते हुए सहयोगी फर्मों में श्री महादेव एजेंसी, शुभम् टेक्सटाइल एजेंसी एवं यश टेक्सटाइल के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

## ब्रांच ऑफिस...

एजेंसी द्वारा वर्षों से निरन्तर पारदर्शी कार्य करने एवं मजबूत नेटवर्क के चलते आज कानपुर हेडक्वार्टर के अलावा भीलवाड़ा, अहमदाबाद , शहरों में ब्रांच ऑफिस संचालित हैं, जहां से बेहतर कार्य सम्पादित हो रहा है।

SHREE ANANDESHWAR TEXTILE AGENCY
SHREE MAHADEO AGENCY
SHUBHAM TEXTILE AGENCY
YASH TEXTILE AGENCY
Office. 55/56, 1st Floor, Kahoo Kothi, Kanpur
LEADING AGENT IN Mumbai | Bhilwara Ahmedabad | Erode
EXCLUSIVE IN Garment, Suiting-Shirting Fabrics, Supplier
YOGESH 9336115594 | AJAY 9336100220 | ANUBHAV 8318920357

# टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में सफलतापूर्वक 100 वर्ष पूर्ण करते हुए आज भी सतत अग्रसर कपूर एण्ड ब्रदर्स





**कानपुर**

कपड़ा बाजार में कपूर एण्ड ब्रदर्स प्रतिष्ठान जिसका शुभारम्भ इनके पुरखों द्वारा 100 वर्ष पूर्व किया गया था जिसको पीढ़ी दर पीढ़ी इसी क्रम को आगे बढ़ाने में सफल रहे, जिसके चलते वर्तमान में भी एक विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित फर्म में शुमार की जाती है। इस क्षेत्र में स्व. श्री मन्नालाल कपूर द्वारा पुतनलाल दलाल नामक फर्म में आढ़त कार्य से शुरूआत की गई। सन् 1955 में इनके सुपुत्र स्व. श्री केशवनाथ कपूर द्वारा मफतलाल कंपनी की एजेंसी लेकर व्यापार को और नई ऊर्जा प्रदान की। वर्तमान में व्यापार पांचवी पीढ़ी जिनमें श्री राकेश कपूर एवं श्री आशु कपूर अपने अनुभव एवं कुशल नेतृत्त्व से कर रहे हैं।

## फर्म की सेल्स मार्केटिंग

श्री राकेश कपूर ने बताया कि मफतलाल के उत्पाद जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म आपूर्ति में प्रमुखता से कार्य किया जा रहा है जो उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखण्ड स्टेट में अधिकृत रूप में माल सप्लाई कर रहे हैं।

## अन्य उत्पाद

हिन्दुस्तान मिल्स (ठाकरसी) मुंबई जिसमें वाईट कपड़ा, पॉपलीन इत्यादि पूर्वी उत्तरप्रदेश में बेहतर सप्लाई कर रहे हैं।

## R T Textiles

अमृतसर निर्मित शॉल, कॉटशूल शर्टिंग इत्यादि की सप्लाई शामिल है। मफतलाल रेडीमेड यूनिफॉर्म के उत्पाद की मांग बढ़ी है जिसका उत्तरप्रदेश स्टेट में बेहतर विस्तार हुआ है।

SINCE- 100 YEARS
A Leading Textile Agency
KAPOOR & BROTHERS
Shop No.: 48/151 General Ganj, Kanpur (UP)
Mob.: 9839112494 | E-mail: vibhu14@yahoo.com

## काबरा ट्रेडिंग

**कुर्ता, फैंसी उत्पाद,** K.B.Comfort Brand For U.P.& Uttrakhand Kotlee Creations –Mumbai For U.P. जिनमें शत-प्रतिशत कॉटन शर्टिंग, जीन्स एवं कुर्ता, आइटम शामिल है।

# कपड़ा व्यवसाय में 48 वर्षों से निरन्तर सफलता के पथ पर ज्ञान सिंह अमरीक सिंह






**कानपुर**

थोक कपड़ा बाजार में प्रतिष्ठित फर्म ज्ञान सिंह अमरीक सिंह की शुरूआत स्व. सरदार श्री ज्ञान सिंह द्वारा की गई थी। कारोबार को आगे बढ़ाते हुए इनके सुपुत्र श्री अमरीक सिंह सन् 1976 से पैतृक व्यवसाय में जिम्मेदारी लेते हुए अपने अनुभव से कार्य करने लगे और व्यापार को ऊँचाइयाँ प्रदान की। इसी क्रम में इनके सुपुत्र श्री जसप्रीत सिंह एवं श्री जसकरण सिंह सन् 2001 से कारोबार में जुड़े तब से इनके पिताजी के सानिध्य में कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

## प्रॉडक्ट

फर्म के बारे में श्री जसप्रीत सिंह ने बताया कि मुख्यतया सुटिंग-शर्टिंग में क्वालीटि उत्पादों की सप्लाई कर रहे हैं। प्रमुख ब्राण्ड्स में ग्राडो एवं केल्विन का कार्य हमारे प्रतिष्ठान में किया जा रहा है एवं हमारे व्यापार में ब्राण्डेड मिलों की क्वालिटी फैब्रिक ही आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा मुंबई एवं भीलवाड़ा की अन्य कंपनियों का भी कार्य कर रहे हैं। यूनिफॉर्म फैब्रिक एवं मिक्स एण्ड मेच सेगमेंट में भी हमारी फर्म पूर्ण तैयारी के साथ और उपभोक्त ा की पसंद के आधार पर माल सप्लाई करती है।

## सेल्फ कॉन्फ्रेंस

फर्म द्वारा सीजन के अनुसार डिस्प्ले बुकिंग कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया जाता है जिसमें रिटेलर्स को आमंत्रित करते जिनको डिस्प्ले माध्यम से माल बुकिंग करवाकर लाभान्वित किया जाता है। MSME के बारे में इन्होंने बताया कि यह नियम रिटेलरों पर भी लागु हो तब ही कड़ी जुड़े जिसके मद्देनजर इस नियम से कठिनाई नही होगी।

Gyan Singh Amrik Singh
Exclusive Shirtings
GRADO
KELVIN
Sister Concern
Kiran Fashion
Wholesale Cloth Merchant
Shop No.: 55/129, Pach Kucha General Gunj., Kanpur 208 001
Tel: 0512-2388488, Mob.: 9670614989 | 9415594223 | 9415484146

**सेल्स नेटवर्क...** इनका व्यापार कानपुर वस्त्र मण्डी व लखनऊ के सराउंडीग किया जा रहा है।

# एजेंसी कार्य में विश्वसनीय प्रतिष्ठान साहिल एजेंसी



**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में शीर्ष फर्मों में शामिल साहिल एजेंसी अपने नेटवर्क से अच्छे व्यापारियों से जुड़ने में कामयाबी हासिल की है। फर्म की स्थापना सन् 1999 में श्री सुरेश चन्दानी द्वारा की गई थी तब से इन्होंने अपने कार्य में एक प्रॉपर सिस्टम से कार्य करते हुए बेहतर प्रतिष्ठानों की सूची में जगह बनाई है।


श्री चन्दानी मुख्यतया सूटिंग-शर्टिंग का व्यापार अपनी एजेंसी के अन्तर्गत कर रहे है जिसमें टॉप ब्राण्ड ग्राडो एवं एसआरएस, ओरचिड एवं सम्बोधी के उत्पाद सप्लाई कर रहे है। इनका कानपुर मण्डी एवं ईस्टर्न यूपी में बेहतर सेल्स नेटवर्क होने से वृहद् स्तर पर कार्य हो रहा है।




# अहमदाबाद, मुम्बई, बालोतरा, पाली, जैतपुर एवं इरोड़ वस्त्र उत्पादक मण्डियों से बेहतर नेटवर्क अनुज एण्टरप्राइजेज








**कानपुर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित फर्म अनुज एण्टरप्राइजेज पिछले 22 वर्षों से एजेन्सी कार्य के अन्तर्गत विभिन्न सेगमेन्ट में कपड़ा सप्लाई का कार्य कर रही है। कार्य की शुरूआत करने वाले संस्थापक श्री अशोक अग्रवाल ने अपने कार्यकौशल से इस क्षेत्र में अपनी बेहतर पहचान बनाई है।

व्यापार में इनके साथ युवा सुपुत्रों में श्री अजय अग्रवाल एवं श्री अनुज अग्रवाल अपने अनुभव से एजेन्सी कार्य में कुशल संचालन कर रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि एजेन्सी कार्य के अन्तर्गत देश की कई कपड़ा उत्पादक मण्डियों से कारोबार कर रहे हैं जिसमें अहमदाबाद, जैतपुर, पाली, बालोतरा, मुम्बई एवं इरोड़ निर्मित मालों की सप्लाई शामिल है।

प्रमुख उत्पादों में स्पन साड़ी, कॉटन साड़ी, कॉटन सूट, रूबिया, पोपलीन, अस्तर, इरोड़ ब्लीच वाईट, रेयॉन एवं केम्ब्रिक की मुख्यतौर पर हमारी फर्म सप्लाई करती है, जिसमें वुमन्सवीयर के उपयोगी फैब्रिक में क्वालिटी उत्पाद शामिल हैं। इनकी फर्म कानपुर मण्डी में कॉटन फैब्रिक सप्लाई में ऊपरी पायदान पर है। विदित है कि कुछ वर्षों से कॉटन वस्त्रों का चलन दिनोंदिन बढ़ रहा है।

एजेंसी कार्य में फर्म की बेहतर साख के चलते देश की कई मण्डियों में अच्छे घरों से इनका कार्य हो रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि व्यापार में आपका अनुभव एवं कस्टमर में विश्वसनीयता ही आपको सफलता के मुकाम पर पहुँचाती है।




# सूटिंग-शर्टिंग की ब्राण्डेड कम्पनियों के प्रॉडक्ट के लिये महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान कादम्बरी टेक्सटाइल्स



**कानपुर/** स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यवसाय में प्रतिष्ठित फर्मों में शुमार कादम्बरी ट्रेडर्स अपना बेहतर नेटवर्क स्थापित करते हुए वर्तमान में यह सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक के कई नामचीन ब्राण्ड के उत्पाद की आपूर्ति कर रही है।

इस क्षेत्र में कार्य की शुरूआत श्री राधाकिशन श्रीवास्तव द्वारा सन् 1982 में की गई थी। तब से कारोबार में निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर हैं। व्यापार में शुरूआती दौर से ही इनके पुत्र श्री कमल कुमार श्रीवास्तव कार्य देखने लगे थे और वर्तमान में ये अपने बेहतर अनुभव एवं कार्य कुशलता से अपनी पेढ़ी में कई उम्दा ब्राण्ड्स शामिल कर चुके हैं। व्यापार में सहयोगी के रूप में इनके भ्राता श्री महेश कुमार एवं श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्री रविभूषण पाण्डे भी संयुक्त रूप से प्रबन्ध व्यवस्था में सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित कर रहे हैं।

## उत्पाद

फर्म अपने व्यापार में सूटिंग-शर्टिंग, शेरवानी, फैन्सी कुर्ता, फैन्सी जेण्ट्स सूट आदि की सप्लाई कर रही है। सूटिंग क्षेत्र में प्रसिद्ध ब्राण्ड ट्रूवेल्यू, डोनियर, सियाराम, (कडिनी), मितवा सूटिंग (EMEF), आदि शामिल हैं। शर्टिंग आपूर्ति में मितवा, केल्विन, अशवीरा, मन्थन, (सूटिंग-शर्टिंग), गुडविल, ट्रूवेल्यू शामिल हैं। शेरवानी सप्लाई में मितवा ट्रूवेल्यू, डोनियर आदि एवं अरविन्द शर्टिंग के सभी ब्राण्ड्स की सप्लाई फर्म द्वारा की जा रही है। यूनिफॉर्म फैब्रिक में सियाराम के यूनिकोड की बेहतर सेल है। फर्म मिक्स मेच पेकिंग के अन्तर्गत इन सभी कम्पनियों के उत्पाद सप्लाई कर रही है।

## सेल्स क्षेत्र

कानपुर सहित यूपी, एमपी एवं बिहार की वस्त्र मण्डियों में मजबूत पकड़ है।




# सूटिंग-शर्टिंग सप्लाई में अग्रणी प्रतिष्ठान एम.के. टेक्सटाइल



**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में होलसेल सूटिंग-शर्टिंग आपूर्ति में सफलतापूर्वक कार्य करते हुए ऑनर श्री सुनील कुमार खट्टर ने अपना बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। सन् 1987 में इन्होंने इस क्षेत्र में कारोबार की शुरूआत की, तब से निरन्तर बाजार के ट्रेण्ड के अनुसार माल सप्लाई करते आ रहे हैं।

शुरूआती फर्म तुलसी टेक्सटाइल से व्यापार में मिली सफलता के बाद कार्य विस्तार के अन्तर्गत 2011 में सहयोगी फर्म एम के टेक्सटाइल की स्थापना की, जिसमें और कई कम्पनियों को शामिल किया, जिसमें आबसलिटो, बजाज फैब, नवसारी कॉटन एवं वेलिएन्ट कलेक्शन (पुलिस खाकी की) एवं अरविन्द कॉटन शर्टिंग आपूर्ति की जा रही है।

इसी बीच सन् 2000 में सहयोगी फर्म आर एम एजेन्सीज की शुरूआत की गई, जो वर्तमान में सूटिंग-शर्टिंग के क्वालिटी उत्पादों की सप्लाई कर रही है जिसके अन्तर्गत मित्वा, मित्वा लॉयल, ईएमईएफ, ₹श्वश्व ष्टश्वश्व के उत्पाद शामिल हैं।

कारोबार में शामिल युवा प्रबन्धक श्री मोहित खट्टर ने बताया कि बाजार में वर्तमान समय में उपभोक्ता लिनन कॉटन लिनन, डिजिटल प्रिण्ट आदि में बेहतर खरीदी कर रहा है।

